डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र
सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# रॉयल पत्रिका

रॉयल पत्रिका न्यूज़ पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें। 9799559096

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 32 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 09 सितम्बर से 15 सितम्बर 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## राजस्थान बोर्ड ऑफ़ मुस्लिम वक्फ की बहु प्रतीक्षित बैठक के निर्णय

**-वक्फ सीईओ नसीम खान वक्फ बोर्ड में वक्फ संपत्तियों की कमेटी बनाने, निर्माण की एनओसी जारी करने और वक्फ संपत्तियों की किराएदारी करने में कुछ वक्फ कर्मचारियों के साथ मिलकर मनमानी कर रही थी**

**-वक्फ बोर्ड बैठक में बोर्ड सीईओ नसीम खान द्वारा कमेटी बनाने, एनओसी देने एवं किराएदारी करने के निर्णय पर रोक लगा दी और जांच करने का निर्णय पारित किया है**

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान बोर्ड का मुस्लिम वक्फ की बहु प्रतीक्षित बैठक 4 सितंबर, 2024 को हुई जिसमें बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानू खान बुधवाली सहित सभी बोर्ड सदस्य एवं बोर्ड की सीईओ नसीम खान उपस्थित थीं । काफी लंबे इंतजार के बाद हुई वक्फ बोर्ड की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं । वक्फ बोर्ड को बड़ी तादाद में नुकसान पहुंचाने वाली सीईओ के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई । सिर्फ सीईओ की ओर से बनाई गई कमेटियों, एनओसी और किराएदारी के निर्णयों की जांच करने तक सीमित रखा गया है । बोर्ड को बोर्ड सीईओ और उसके साथ भ्रष्टाचार फैला रहे एक दो कर्मचारियों के कारनामों के लिए सरकार और एसीबी को लिखना चाहिए । यदि कोई बोर्ड सदस्य भी उसके साथ है तो जांच करवानी चाहिए ।

बोर्ड बैठक में सीईओ के भाई की फोर्थ क्लास कर्मचारी की नियुक्ति का अनुमोदन नहीं किया । सीईओ ने मनमानी करते हुए कुछ महीने पहले अपने भाई को वक्फ बोर्ड ऑफिस में नियुक्ति दे दी थी । बोर्ड सीईओ माउंट आबू में एक कर्मचारी के साथ एक प्रॉपर्टी की किराएदारी करने के लिए हवाई जहाज से यात्रा करके गई थी, लेकिन बोर्ड बैठक में जांच का कोई निर्णय नहीं लिया गया कि हवाई यात्रा के लिए दोनों सीईओ और उस कर्मचारी का टिकट किसने खरीदा और वहां हवाई जहाज से यात्रा क्यों की गई ।

बोर्ड सीईओ ने कुछ कर्मचारियों से मिलकर अजमेर शहर की 243 वक्फ संपत्तियों की किराएदारी की गई । चर्चा लोगों में है कि किराएदारी में करोड़ों का घालमेल है । बोर्ड बैठक में अजमेर की वक्फ संपत्तियों की किराएदारी की जांच कमेटी नहीं बनाई गई है, सिर्फ जांच के लिए लिखा है । दर्जनों वक्फ संपत्ति कमेटियां बनाई गई जबकि वक्फ कमेटी बनाने का अधिकार सीईओ को नहीं है ।

### सीईओ की मनमानी पर रोक लगी -

जब से सीनियर आरएएस नसीम खान की सीईओ वक्फ बोर्ड के पद पर नियुक्ति हुई है, तब से ही बोर्ड के कार्यों में मनमानी शुरू कर दी । बोर्ड सीईओ ने वक्फ बोर्ड चेयरमैन और सदस्यों को नजर अंदाज करके निर्णय किए गए । माउंट आबू की वक्फ संपत्ति की किराएदारी हो या अजमेर की 243 वक्फ संपत्तियों की किराएदारी हो या वक्फ संपत्तियों की इंतजामियां कमेटी बनाने एवं बोर्ड में कर्मचारी नियुक्त करने का निर्णय हो, बोर्ड सीईओ ने मनमानी की और हर जगह भ्रष्टाचार का मामला दिखाई दे रहा है । बोर्ड बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया गया कि बोर्ड सीईओ अब नई कमेटी नहीं बना सकती है और न ही किराएदारी कर सकती है एवं वक्फ संपत्ति पर निर्माण की एनओसी भी जारी नहीं कर सकती है । यह निर्णय अब वक्फ बोर्ड चेयरमैन और वक्फ बोर्ड सदस्य मिलकर करेंगे ।



### वक्फ बोर्ड में चेयरमैन और सीईओ में कौन बड़ा है -

वक्फ बोर्ड चेयरमैन वक्फ बोर्ड सदस्यों द्वारा चुना हुआ प्रतिनिधि होता है । बोर्ड के दो सदस्य निर्वाचित होकर आते हैं, एक सदस्य हाईकोर्ट बार काउंसिल का सदस्य रहा होता है, एक सांसद, एक विधायक होता है एक समाजसेवी, दो महिला इस्लाम धर्म की जानकार और एक आरएएस अधिकारी होता है । बोर्ड चेयरमैन और बोर्ड सदस्य मिलकर वक्फ बोर्ड का संचालन करते हैं । बोर्ड के विकास, वक्फ प्रॉपर्टी कमेटियां बनाने , वक्फ संपत्तियों की किराएदारी करने, निर्माण की एनओसी देने, बोर्ड में कर्मचारियों की नियुक्ति करने, बोर्ड की गतिविधियों के लिए फंड जुटाने के निर्णय बोर्ड चेयरमैन और बोर्ड सदस्य द्वारा लिया जाता है । चेयरमैन का निर्णय समस्त बोर्ड का निर्णय माना जाता है । वक्फ बोर्ड सीईओ राजस्थान स्टेट सर्विस का सीनियर अधिकारी होता है । वक्फ चेयरमैन और वक्फ बोर्ड सदस्यों द्वारा लिए गए निर्णय को लागू करने की जिम्मेदारी वक्फ सीईओ की होती है । वक्फ चेयरमैन की अनउपस्थिति में वक्फ संचालन के सभी अधिकार सीईओ को होते हैं । वक्फ बोर्ड संचालन के नियम उपनियम बने हुए हैं । वक्फ बोर्ड चेयरमैन, सदस्य, सीईओ एवं अन्य कर्मचारियों को उसी के अनुसार काम करना होता है । इसलिए कहा जा सकता है वक्फ सीईओ कभी भी वक्फ बोर्ड चेयरमैन और सदस्यों से बड़ा नहीं हो सकता है ।

### जो कमेटी बनाई गई हैं, निरस्त होंगी ; किराएदारी की जांच होगी-

बोर्ड बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया गया कि सीईओ द्वारा मनमानी करके जो वक्फ संपत्तियों की कमेटी बनाई गई हैं उन्हें निरस्त किया जाएगा और जिन संपत्तियों की किराएदारी की गई है उनकी जांच की जाएगी और किराएदारी पर पुनः विचार किया जाएगा । वक्फ बोर्ड के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सरकार द्वारा नियुक्त सदस्यों और निर्वाचित चेयरमैन के होते हुए भी एक सीईओ ने मनमानी करते हुए कमेटी बनाई और किराएदारी सहित अन्य निर्णय लिए । बोर्ड सीईओ का मुख्य काम होता है बोर्ड चेयरमैन और सदस्यों के सामूहिक निर्णय को लागू करवाना । जबकि बोर्ड सीईओ नसीम खान ने निर्वाचित वक्फ बोर्ड से ऊपर अपने आप को समझ लिया । बोर्ड में पूर्व सांसद, वर्तमान विधायक, हाई कोर्ट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष और नामी वकील, आरएएस अधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद हैं । अब से पहले वक्फ बोर्ड के इतिहास में किसी सीईओ ने इतनी मनमानी नहीं की ।

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्ला ख़ान को गिरफ़्तार किया



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार (2 सितंबर) को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान को गिरफ़्तार कर लिया है।

अमानतुल्ला खान को हिरासत में लेने से पहले ईडी अधिकारियों ने उनके घर की तलाशी ली। इस संबंध में सोमवार तड़के नई दिल्ली के ओखला निर्वाचन क्षेत्र से आप विधायक खान ने सुबह 6। 30 बजे ट्वीट कर जानकारी दी थी कि ईडी की एक टीम उन्हें गिरफ़्तार करने के लिए उनके घर पहुंची है।

मालूम हो कि अमानतुल्ला खान के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। एक वक्फ बोर्ड नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से संबंधित है, जिसमें सीबीआई द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, दूसरा मामला दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो ने कथित आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज किया है। एजेंसी ने इस संबंध में खान से 13 घंटे तक पूछताछ भी की थी।

सोमवार सुबह खान ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ईडी की एक टीम तलाशी के बहाने मुझे गिरफ़्तार करने आई है। मेरी सास कैंसर की मरीज़ हैं, चार दिन पहले उनका ऑपरेशन हुआ है। वह मेरे घर पर ही हैं। मैंने ईडी को इस बारे में जानकारी दी थी। ये लोग मुझे दो साल से मुझे परेशान कर रहे हैं, झूठे मुकदमे लाद रहे हैं। 'अमानतुल्ला खान ने आगे कहा, 'वे सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि मेरी पार्टी को भी परेशान कर रहे हैं। उनका मकसद है हमें तोड़ना और हमें अलग करना। 'उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, 'आप लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम टूटने वाले नहीं हैं लेकिन हम इनसे नहीं डरेंगे। मुझे कोर्ट पर यकीन है कि जिस तरह से हमें पहले इंसाफ मिला है, उसी तरह से आगे भी मिलेगा। आप जिस तरह पहले साथ रहे हैं, उसी तरह अपना साथ बनाए रखिए।

'अमानतुल्ला खान द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई एक अन्य वीडियो में एक बुजुर्ग महिला को बिस्तर पर लेटे हुए देखा जा सकता है, जबकि खान अपने दरवाजे पर खड़े एक व्यक्ति से पूछ रहे हैं कि आप लोग यहां क्यों आए हैं। 'जब मैंने ईडी के सामने पेश होने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है। '

इसके जवाब में दरवाज़े पर खड़े व्यक्ति, जो ईडी अधिकारी बताए जा रहे हैं कहते हैं- आपने कैसे मान लिया कि हम आपको अरेस्ट करने आए हैं। इस पर अमानतुल्ला कहते हैं कि आप अरेस्ट करने नहीं आए हैं तो क्यों आए हैं। आपको मेरे घर पर क्या सर्च करना है। मेरे घर पर खर्च तक के पैसे नहीं हैं। खान के साथ ही वीडियो में एक महिला की भी आवाज़ है, जो कह रही हैं, 'आप तीन कमरों के घर में क्या ढूंढ रहे हैं... अगर मेरी मां को कुछ हुआ, तो मैं आपको अदालत में ले जाऊंगी। 'इस बीच आप के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र सरकार पर अमानतुल्ला खान को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

वरिष्ठ आप नेता मनीष सिसौदिया ने एक्स पर लिखा, 'ईडी का बस यही काम रह गया है। भाजपा के ख़िलाफ़ उठने वाली हर आवाज़ को दबा दो। तोड़ दो। जो टूटे नहीं, दबे नहीं उसे गिरफ़्तार करके जेल में डाल दो। 'आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, 'भले ही सुप्रीम कोर्ट से बार बार ईडी को चेतावनी दी जा रही है और कहा जा रहा है कि आप दुर्भावना से जांच मत कीजिए लेकिन इसके बाद भी वो आज अमानतुल्ला खान के घर पर छापा मारने के लिए पहुंच गए। वो भी ऐसे वक्त में जब उनकी सासू मां का ऑपरेशन हुआ है, उन्हें कैंसर है। अमानतुल्ला ने लेटर लिखकर ईडी को बताया था लेकिन फिर भी ईडी सुबह-सुबह उनकी घर पहुंच गई। '

वहीं, दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड जैसी संस्था में भ्रष्टाचार करने वाले अमानतुल्ला खान चर्चा में रहते हैं और आज जब ईडी जांच कर रही है तो उन्हें सहयोग करना चाहिए। अगर आपने चोरी की है या अपराध किया है तो आपको इसका जवाब देगा होगा और कानून सबके लिए बराबर है। '

गौरतलब है कि विपक्ष के खिलाफ सरकारी एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पहले भी आलोचनाओं से घिरी रही है। 2024 लोक सभा चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान विपक्षी दलों पर कार्रवाई को लेकर ईडी और सीबीआई खास तौर पर निशाने पर रही हैं।

## शाहीन अली खान आरएएस से आईएएस बने

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के 11 अफसर को भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में प्रमोट किया गया है। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इन्हें प्रमोट करने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रमोट किए गए सभी 11 अफसर 1997 बैच के RAS अधिकारी हैं। RAS से IAS बने अफसर को 2023 की वैकेंसी से प्रमोट किया गया है। IAS बने अफसरों में शाहीन अली खान, आकाश तोमर, अरुण कुमार हसीजा, मनीष गोयल, मातादीन मीणा, कमलराम मीणा, केसर मीणा, हिम्मत सिंह बारहठ, पुरुषोत्तम शर्मा, देवाराम सैनी और अजय असवाल शामिल हैं। इनमें से शाहीन अली एकमात्र मुस्लिम वर्ग के IAS हैं। शाहीन अली मरहूम लियाकत अली साहब के पुत्र हैं। लियाकत अली साहब राजस्थान पुलिस में आईजीपी अधिकारी के पद से रिटायर हुए और बाद में राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के चेयर चेयरमैन बने थे। IAS शाहीन अली खान के चाचा अशफाक हुसैन दौसा के कलेक्टर रहे हैं। IAS रिटायर अशफाक हुसैन के दामाद कमर जमाँ चौधरी IAS हैं और दौसा एवं सीकर में कलेक्टर रहे हैं। अभी IAS कमर जमाँ चौधरी का सचिवालय में ट्रांसफर किया गया है। अशफाक हुसैन साहब की बेटी IRS है और जयपुर में ही पोस्टिंग है। इसी तरह IAS शाहीन अली के छोटे चाचा जाकिर हुसैन भी IAS थे और वह हनुमानगढ़ और गंगानगर के कलेक्टर रहे हैं। शाहीन अली के परिवार और रिश्तेदारों में से दर्जनों राजस्थान सरकार में आर ए एस, एकाटेंट सर्विस, आर्मी में अधिकारी हैं। IAS शाहीन अली राजस्थान सरकार में कर्मठ और ईमानदार अधिकारी माने जाते हैं। अपने सर्विस काल में शाहीन अली सरकार के विभिन्न विभागों में तैनात रहे हैं। राजस्थान सरकार ने IAS प्रमोट होने के बाद भी शाहीन अली खान को परियोजना



निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर के पद पर पोस्टिंग दी है। इससे पहले शाहीन अली खान अतिरिक्त निदेशक एचसीएम रीपा, जयपुर में पदस्थापित थे।

## मोदी सरकार ने फिर बढ़ा दीं मुसलमानों की बेचैनियां, अब वक्फ मामलों में दख़ल का इरादा

**-मुसलमानों का विरोध शुरू, कहा नहीं करेंगे बर्दाश्त, संघर्ष करेंगे**

**बरकात हसीन**

टोंक (रॉयल पत्रिका) । मोदी सरकार ने इस बार भी मुसलमान की परेशानियों को और बेचैनियों को बढ़ा दिया है। मोदी सरकार ने इस बार वक्फ के मामलात को लेकर मुसलमानों को फिर से उलझन में डाल दिया है। सरकार वक्फ के मामलात में कानून या और दूसरी चीजों में बदलाव को लेकर कुछ करने के मूड में नज़र आती है। जबकि मुस्लिम समुदाय ने मामलात में हस्तक्षेप करने या उसमें छेड़छाड़ करने या उसमें बदलाव करने के नजरिया को देखते हुए सरकार का कड़ा विरोध करने का फैसला किया है। देश में कई जगह सरकार के इस दृष्टिकोण का विरोध किया जा रहा है, उधर सरकार ने फिलहाल देश के समझदार लोगों से इस बारे में सुझाव भी मांगे हैं। वही मुस्लिम संगठन और मुस्लिम समुदाय के लोग वक्फ के मामलात में या उसमें बदलाव को लेकर किये जा रहे प्रयासों का विरोध करते हुए सरकार के नजिरिये के खिलाफ अपनी राय दे रहे हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार हर कभी मुसलमानों में बेचैनी बढ़ाने के लिए और उन्हें उलझन में डालने के लिए ऐसे प्रयास करती रहती है। फिलहाल बेरोजगारी, दो रोटी के संकट और जीवन के सामने आने वाले मामलों में मुस्लिम वर्ग वैसे भी परेशानी में दिखाई देता है। मुस्लिम समुदाय का मानना है कि वह संपत्ति या वक्त जुड़े मामलात में किसी भी तरह की अडचने पैदा करना या कानून में बदलाव करना या वक्फ संपत्ति को अपने नियंत्रण में लेना मुसलमान की हालत को और भी खराब करने जैसा होगा मुस्लिम समुदाय के मानना है कि वह संपत्ति उनकी अपनी कमाई के पैसे की संपत्ति होती है। जिसे वे वक्फ करता है और जिस उद्देश्य से वक्फ करता है ,वह उसके मकसद को भी बताता है और उसके प्रबंधन के लिए देश के राज्यों में वक्फ बोर्ड स्थापित हैं। जिसे बोर्ड आफ मुस्लिम वक्फ कहा जाता है इसकी देखभाल करना इसको संभालना सारा रिकॉर्ड सुरक्षित हुए संभाल कर रखना और वक्फ की गई संपत्तियों को वाकिफ के निर्देशों के तहत काम करने के लिए बोर्ड अपनी जिम्मेदारी निभाता है।

वक्फ है क्या - इसे ऐसे समझिए

वक्फ का सीधे-साधे मतलब रोक लेना है जैसे किसी चीज को महफूज़ कर लेना या सुरक्षित कर लेना किसी चीज को अपनी संपत्ति से निकलकर अल्लाह की संपत्ति मानते हुए दे देना और फिर उस संपत्ति से होने वाले फायदे को गरीबों मजबूरो धार्मिक स्थलों आदि के लिए खर्च करना, जब कोई अपनी संपत्ति वक्फ करता है तो फिर वह हमेशा के लिए वक्फ हो जाती है। वह न तो बेची जा सकती है न ही रहन रखी जा सकती है और ना किसी तरह से किसी दूसरे आदमी को स्थानांतरित की जा सकती है। वक्फ करने वाला वाकिफ कहलाता हैं।

वाकिफ क्या - है ऐसे समझें

जो शख्स अल्लाह के नाम पर सवाब या पुण्य के लिए अपने संपत्ति से निकालकर किसी भी तरह की संपत्ति अल्लाह की संपत्ति मान कर देने वाला वाकिफ कहलाता है

मौकूफ क्या है - इसे भी समझें

जो चीज वक्फ की जाती है उसे मौकूफ कहते हैं

दरअसल इस्लाम ने शुरू से ही गरीबों मजबूरन लाचारों बेबसों लोगों की मदद और उनकी परेशानी दूर करने या उनका जीवन स्तर उठाने के लिए एक दूसरे की मदद करने के निर्देश दिए हैं इस्लाम चाहता है कि तुम्हारी संपत्ति या तुम्हारी कमाई में से महरूम और गरीबों का भी




हक है। इसलिए अल्लाह के रास्ते में तुम वह चीज खर्च करो जो तुम सबसे ज्यादा अच्छा समझते हो या जो चीज तुम्हारे लिए बहुत ज्यादा पसंदीदा हो कुल मिलाकर इसका तात्पर्य या मकसद यह है कि तुम गरीबों मजबूरन के लिए मदद करो तो लोग अपने-अपने हिसाब से मदद करते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति के मुताबिक इस्लाम के निर्देशों को मानते हैं। वक्फ करना भी अल्लाह के निर्देश के तहत ही माना जाता है। मुस्लिम समाज को इस बात की आशंका है की सरकार इसमें अपनी अर्चना पैदा करके वास्तु संपत्तियां और उसके उद्देश्यों और मुसलमान की संपत्तियों को अपने हिसाब से नियंत्रित करेगी। उनकी यह भी आशंका है की सरकार का इसमें दख़ल बढ़ जाएगा और सरकार जैसा चाहेगी वैसा करेगी उनका मानना है कि यह संपत्ति मुसलमान की अपनी संपत्ति है, अपनी कमाई की है इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है वह कहते हैं कि वक्फ की गई संपत्ति का वाकिफ की मर्जी और अल्लाह के निर्देशों के तहत ही प्रबंधन हो और उसमें किसी का या सरकार का दख़ल न हो याद रहे कि भारत में वक्फ की गई संपत्तियों से गरीबों मजबूरन और मुस्लिम समुदाय के हितों से जुड़ी संस्थाओं की मदद की जाती है। उनका मानना है कि आखिर क्या कारण है की सरकार अब वक्फ के मामले में टांग अडाना और दख़ल देना चाहती है मुस्लिम समुदाय का मानना है कि वें कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और वह नहीं चाहते कि वक्फ के मामले में कोई छेड़छाड़ की जाए।



# छः पुलिसकर्मियों को "कॉन्स्टेबल ऑफ दी मंथ" अवार्ड से सम्मानित किया



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छः पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" के अवार्ड से सम्मानित किया।

आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत् है। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढोतरी के साथ-साथ पुलिसकर्मी बेहतर व सराहनीय कार्य करने के प्रेरित होंगे। कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ अवार्ड की शुरूवात मार्च माह से की गयी थी।

अगस्त माह 2024 का "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" पुरस्कार जिला पूर्व गौरव सोलंकी कानि0 9931 तकनीकी शाखा कार्यालय पुलिस उपायुक्त पूर्व ने थाना आदर्शनगर क्षेत्र में राह चलते हुए व्यक्ति का बदमाशों द्वारा पीछा कर लोहे के पाईपो से हाथ पैर तोडने की घटना को कारित करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने। एवं सुपारी देकर अपराध करने वाले आरोपियों को पहचान के लिए तकनीकी विश्लेषण कर गिरफ्तार करवाने में सराहनीय कार्य किया।

जिला पश्चिम के हंसाराम कानि0 9041 पुलिस थाना बगरू ने परिवादी मदनलाल गुर्जर व उसकी पत्नी को बन्धक बनाकर अज्ञात लोग उनके घर में बंधी भेड-बकरियों को दो पीकअपों में भरकर ले जाने के प्रकरण में काम में लिये गये वाहन की पहचान करने के लिये ग्राम छीतरोली, महला, दूदू, मौजमाबाद, फागी, चाकसू, कैथून, दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस-वे 4, हनुमान चौक अलवर, नौगावा आदि स्थानों पर उक्त वाहन जानकारी के लिये सीसीटीवी कैमरों से फुटेज प्राप्त कर तकनीकी सहयोग से अनसुलझी वारदात की गुत्थी सुलझाकर बहरोड व अलवर निवासी 6 अभियुक्तों को नामजद कर उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी।

जिला उत्तर के कानाराम कानि0 9033 पुलिस थाना ब्रह्मपरी के द्वारा थाना क्षेत्र में फिरोती के लिये अपहरण किये गये बालक अनुज मीणा से संबंधित प्रकरण संख्या 284/2024 में आरोपियों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार करने व अपहृत बालक अनुज मीणा को दस्तयाब कराने का विशेष सराहनीय कार्य किया।

जिला दक्षिण के राजेश कुमार कानि0 9660 पुलिस थाना मुहाना ने पुलिस थाना सांगानेर सदर पर दर्ज प्रकरण संख्या 451/2023 में परिवादिया के 11 माह के पुत्र कूक्कू उर्फ लाला को आरोपी तनुज चाहर ने अपहरण कर ले जाने के प्रकरण में 25 हजार रूपये के ईनामी अभियुक्त तनुज चाहर को गोंडा अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करवाये जाने एवं अपहृत बालक को सकुशल वापस उसकी मां को सुपुर्दगी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

# ग्राम पंचायत इटावा - भोपजी बिड एक निजी कंपनी सोलर प्लांट ने बिना एन ओ सी लिए कार्य शुरू किया

## -इटावा - भोपजी के ग्रामीणों ने इस कंपनी के खिलाफ आक्रोश जताया
## - ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

चौमूं (रॉयल पत्रिका) । ग्राम पंचायत इटावा - भोपजी के स्थित बिड निजी कंपनी द्वारा सोलर प्लांट लगाया गया है । जबकि जिसका भूमि कन्वर्जन नहीं किया गया है, इस कंपनी ने प्लांट के ठेकेदार के द्वारा 33 के वी लाइन तय गांव की मुख्य आबादी से डाली जा रही है । इसके लिए सोलर प्लांट लगाने के लिए पीएचडी विभाग एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की एनओसी जारी नहीं की गई है । इसके साथ ही बीएसएनएल विभाग के द्वारा भी कोई एनओसी जारी नहीं की गई । इसको लेकर तीनों विभागों की लाइन ऑन को खुर्दबुर्द करने से करीबन लाखों का नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके कारण पीएचडी विभाग की लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा बनाए गए गौरव पथ को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है एवं बीएसएनएल की लाइनों को तोड़ दिया गया है । उक्त कारणों की वजह से गांव में पिछले पांच रोज से पानी की

विकट समस्या खड़ी हो गई है । आज इन समस्याओं को लेकर पीएचडी विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने गए उपखंड अधिकारी का 2 घंटे तक इंतजार करने के बाद भी उपखंड अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे जिसके कारण ग्रामीणों में रोष रहा इस ज्ञापन में बालाजी सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अजय पलसानिया, पंचायत समिति सदस्य सोहन साबलानिया, मोहन बराला, महेंद्र शर्मा, किशन कामदार, सत्यनारायण अग्रवाल, अनेश कुमार शर्मा, मुरलीधर बर्रा आदि ग्रामीणो ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपा ।





# बीसलपुर बांध के छलकने से जयपुर और टोंक नहीं रहेगा प्यासा, इसरदा बांध बन जाता तो बेकार नहीं जाता पानी

टोंक (रॉयल पत्रिका) । टोंक जिले के राजमहल के साए में मौजूद बीसलपुर बांध के लबालब होने फिर छलकने और उसके बाद बांध के गेट खोलने से जुड़ी पानी के बहने की खबरें लोगों के लिए बहुत ज्यादा सुकून और राहत देने वाली साबित हो रही हैं । दरअसल बीसलपुर बांध का भर जाना, लबालब हो जाना और फिर गेटों का खोला जाना । इन सब के इंतजार में खास तौर से टोंक खोले जाने की खबरों के बाद भारी संख्या में टोंक जिले के और उसके आस-पास के लोग ही नहीं बल्कि जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, बूंदी, अजमेर और अन्य जिलों के लोग भी यहां बीसलपुर बांध के आस-पास का नजारा देखने, गोठ करने और घूमने- फिरने के लिए आते हैं । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ महीने से टोंक में लगातार रोजाना बारिश का सिलसिला जारी है । यह बारिश रहती आई है, साथ ही पीने के पानी के लिए भी लोगों के लिए बांध का भरना बेहद अच्छी खबर साबित होता है । इससे पहले 2022 में भी बांध लबालब हुआ था और जब जब बीसलपुर में पानी लबालब होता है तो आने वाले महीना में फसलों के लिए बीसलपुर बांध से किसानों को नेहरो के माध्यम से पानी दिया जाता है । बीसलपुर बांध से नेहरो के माध्यम से खेतों में पहुंचने वाला पानी के दृश्य को



जिले की जनता हमेशा से रहती आई है । इस बीसलपुर बांध से टोंक के अलावा अन्य जिलों को भी पानी मिलता है, जिसमें विशेष रूप से जयपुर को भी पानी प्राप्त होता है । जयपुर के लिए लाइफ लाइन माने जाने वाले इस बांध के छलकने से टोंक और उसके आस-पास के गांव ही नहीं, बल्कि जयपुर में भी लोगों में खुशी देखी जा रही है । उल्लेखनीय है कि 315.50 आरएल मीटर का जल भराव रखने वाला और 18 गेट वाला यह बांध अपने आप में बहुत महत्व रखता है, शुरू में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की मोजूदगी में दो गेट और उसके बाद फिर और गेट खोल दिए गए हैं । बांध का निर्माण 1996 में हुआ था और इससे 21300 हेक्टेयर भूमि जल मग्न होती है । बीसलपुर बांध के लबालब होने और गेट कभी तेज, कभी रिमझिम तो कभी लगातार होती रही है ।सूरज के दर्शन कभी-कभी थोड़ी-थोड़ी देर के लिए होते हैं और उसके बाद फिर अचानक घटाएं आती हैं और कभी तेज और कभी धीरे-धीरे बारिश का दौर जारी हो जाता है । जहां एक तरफ लोगों को इससे राहत भी है तो दूसरी तरफ यह बारिश आफत भी साबित हुई है । पानी में नहाने या फंसने वाले हादसो से यहां कई लोगों की इस बार जाने गई है । गांव ग्रामीण हर जगह पानी से जान माल का नुकसान उठाना पड़ा है । कई लोगों के पानी में डूब जाने से मौतें भी हो चुकी हैं, हल्के प्रशासन के जवानों ने कई लोगों को डूबने और मरने से बचाया भी है । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि किसानों को भी अपनी फसलों के लिए बीसलपुर बांध के लबालब होने की आस देखने के लिए कई लोग नेहरो पर पहुंचते हैं । बीसलपुर बांध अब तक 2004, 2006, 2014, 2016 व 2019 में भी लबालब हो चुका है । यह सातवां अवसर है जब बांध लबालब हुआ है तो बीसलपुर बांध से बहाए जाने वाला पानी इसरदा बांध में एकत्रित होता और इससे आस-पास के इलाके को पीने के पानी को और खेतों में सिंचाई के लिए यह पानी वरदान साबित हो जाता । देखा जाए तो यह पानी अब यहां नहीं ठहर कर आगे की ओर अपना रुख करता रहेगा और यह चंबल में जाकर मिलेगा । हालांकि उम्मीद लगाई जा रही है कि इसरदा बांध का निर्माण आने वाले समय में जल्दी ही पूरा देखने को मिलेगा । यह बांध भी टोंक जिले और उसके आस-पास के इलाकों के लिए बहुत लाभदायक शुद्ध होगा ।

# 214 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण व मोटा अनाज का कार्यक्रम होगा

## -इस कार्यक्रम को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं द्वारा बैनर में तख्तियां लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। पंचायत समिति गोविंदगढ़ के स्थित महिला बाल विकास परियोजना के 214 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक चलने वाले पोषण व मोटा अनाज के बारे में विशेष अलग-अलग कार्यक्रम आयोजन होगा ।

गोविंदगढ़ कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी के तत्वावधान में बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा द्वारा बताया गया कि केंद्र पर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम के तहत आज इटावा सेक्टर के सभी 22 केंद्र की कार्यकर्ता द्वारा इटावा सेक्टर पर पोषण माह के अंतर्गत मोटे अनाज के बारे में वजन लंबाई के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, एक माह तक पोषण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा । गोविंदगढ़ के महिला पर्यवेक्षक शांता सोनी द्वारा जानकारी दी गई पोषण माह के अंतर्गत आज चौथे दिन की गतिविधि कराईं गई है ।

# वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे के उपलक्ष में फिजियो आइकॉन अवॉर्ड 2024 सीजन 4 में 55 फिजियो हुए सम्मानित




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर सेहत साथी फाउंडेशन एनजीओ के द्वारा होटल हिल्टन जयपुर में 07 सितंबर को वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे के उपलक्ष में फिजियो आइकॉन अवॉर्ड का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें देश के करीब 55, फिजियो को सम्मान चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेहत साथी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अविनाश सैनी ने बताया कि फिजियो अवॉर्ड शो भारत का एक मात्र इवेंट है जो चौथी बार जयपुर में हुआ है । जिसके मुख्य अतिथि बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय और डॉ. सुनीता शर्मा डीन फिजियोथैरेपी डिपार्टमेंट RUHS मौजूद थे । यहां भारत से करीब 100 फिजियो आए जो की बिहार, गुरुग्राम, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 25 शहरों के फिजियोथैरेपिस्ट ने हिस्सा लिया। इसी कड़ी में सेहत साथी फाउंडेशन के द्वारा जयपुर में डॉक्टर गणपत लाल वर्मा को फिजो आइकन अवार्ड 2024 के द्वारा सम्मानित किया गया । यह सम्मान उन्हें सवाई माधोपुर में फीजोथेरेपी की अच्छे सुविधाएं देने के लिए दिया गया ।

( अज़ीज़ को जन्नत भी ना रास आनी। )

दुश्मन बन कर जब मेरे ही यार आये।
फिर हमें किस की वफा पर एतबार आये।।

खिलते ही आंखें गुल की क्यों नम न हो।
जब खिजां को साथ लिए खुद बहार आये।।

मर कर भी कफ़न को यूं तरसता रहा मैं।
दफ़न को भी ना मेरे जां-निसार आये।।

जिस की खातिर मैं खारों पर चल रहा था।
उस के हिस्से में फूलों के हार आये।।

घबरा कर वाइज़ से मैखाना गया तो।
मुझ को बहकाने वहां भी दीन दार आये।।

कारे-हिकमत से जो नौंचो तक़दीर का मुंह।
बन मंज़िलें फिर तेरी तलबगार आये।।

अज़ीज़ को जन्नत भी ना रास आनी।
वो इक शब जो तेरे दर पे गुजार आये।।



**स्वरचित अब्दुल अज़ीज़**
**8114456065**
**झालावाड (राज,)**

# ग़ज़ल

मेरे गुण दोष अपने से मिलाया ना कर
मैं जला हूं तू मुझे ओर जलाया ना कर

कल के परसों के यहां तक के बरसों के
हर बार वही एक बहाना बनाया ना कर

तेरे आंसू मेरी चाहत का वसीला तो नहीं
गर यही बात है तो इन को नुमाया ना कर

मेरी चाहत का तेरे पास नहीं है उत्तर
बात की बात किया कर घुमाया ना कर

एक सुरज ही बहुत है तवानाई के लिए
तू तो मुझको तेरी आदत से तपाया ना कर

आ मेरे पास ठहर जा कहां जाएगा तू
रस्ते बहुत हैं मुझे नक्शे दिखाया ना कर

**तख़लीक़:- फ़ज़लुर्रहमान**
**मोबाइल नं 9828668877**

# पायलट जियें हजारों साल कांग्रेसियों ने की दुआएं, जन्मदिन पर केक काटा, गायों को खिलाया चारा



टोंक (रॉयल पत्रिका) । सचिन पायलट का टोंक में धूमधाम से 47वां जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर काफी कांग्रेसजन डॉक्टर अंबेडकर खेल स्टेडियम में जमा हुए। लगातार रिमझिम और तेज बरसने वाली बारिश के बीच कार्यकर्ताओं ने पायलट का धूमधाम से जन्म दिवस मनाते हुए गौशाला में जाकर गायों को चारा भी खिलाया । हालांकि यहां सुबह से ही रुक-रुक कर और दो बार काफी तेज रफ्तार में बारिश हुई जो कांग्रेसियों के स्टेडियम में जमा होने तक चल रही थी। कांग्रेस जनों ने यहाँ केक काटा और उसके बाद सभी कांग्रेसी गांधी गौशाला पहुंचे। जहां पर सुखे और हरेचरी की गाड़ियां भी पहुंची और कांग्रेस जनों ने गायों को चारा व गुड़ खिलाया। जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद हरि ने बताया कि कांग्रेस जनों ने पायलट का उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, पूर्व विधायक कमल बेरवा, प्रदेश कांग्रेस के युवा नेता सऊद सईदी, दिनेश चौरासिया, कुलदीप राजावत, सुनील बंसल, कैलाशी देवी मीणा, हंसराज फागण, शब्बीर अहमद, युसूफ यूनिवर्सल, जरार खान, हंसराज गाथा, रामलाल संडीला, अलका बेरवा, इम्तियाज़ खान, अनवर आदिल, जूनियर इरशाद बैग, सलीमुद्दीन खान फोजू, राम मीणा, रामलाल सेलीवान, मुदस्सर, जीशान, अजमल खान, हंसराज, गुंजल, धर्मेंद्र सालोदिया, एहसान बाबा, फरीद खान, कमलेश चांवला, अब्दुल खालिक सहित कांग्रेस जन शामिल थे। सभी कांग्रेस जनों ने सचिन पायलट की लंबी उम्र को लेकर दुआए और प्रार्थना की और उम्मीद जताई के वह देश और राज्य की राजनीति में बहुत बड़े नेता के रूप में उभर कर राजनीति के मैदान में खूब उड़ान भरेंगे। प्रदेश के युवा कांग्रेस नेता सऊद सईदी ने कहा की पायलट खुब जियें और राजनीति के मैदान में जनता की सेवा करते हुए खूब सफलताएं हासिल करें, लंबी उड़ान भरे। उन्होंने कहा के राज्य की जनता उनको बहुत मजबूत नेता के रूप में देखना चाहती है। सभी कांग्रेस जनों ने सचिन पायलट की लंबी उम्र को लेकर दुआए और प्रार्थना की ।

# पत्रकार के साथ की बदसलूकी सिपाही लाइन हाजिर, जांच शुरु

अलवर (रॉयल पत्रिका)। अलवर ग्रामीण क्षेत्र मालाखेड़ा के वरिष्ठ पत्रकार अवधेश सिंह नरूका गुरुवार को मिडिया कवरेज के लिए भर्तहरी धाम पहुंचे थे। इस दौरान मंदिर परिसर में तैनात पुलिस कांस्टेबल वीरेन्द्र के द्वारा पत्रकार को मिडिया कवरेज करने से रोका गया साथ ही मोबाईल छीनने का प्रयास किया। पत्रकार के द्वारा मिडिया का हवाला देने के बाद भीं कॉन्स्टेबल द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। जिसके बारे पत्रकार द्वारा मिडिया से जुड़े लोगों को अवगत कराया गया जिसके बाद जिले के पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह से मिला। पत्रकारों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को घटनाक्रम से अवगत कराया ।

जिस पर कार्रवाई करते हुए दोषी पुलिस कांस्टेबल को पद से निलंबित करने की मांग की गईं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह ने पुलिस कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार को लाईन हाजिर कर जांच के आदेश तथा निलंबन करने तक डीएसपी स्तर के अधिकारी से जांच करवाने का आश्वासन पत्रकारों को दिया।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# राजधानी जयपुर में कुल हिन्द नातिया मुशायरा का आयोजन

**-देश प्रदेश से आए प्रसिद्ध शायरो ने नबी की शान में पढ़े अशार**

**-मरहबा मरहबा या रसूल्लाह की सदाए गूंज उठी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजधानी जयपुर में शनिवार रात को बड़ी चौपड़ पर कुल हिन्द नातिया मुशायरा का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में सुनने के लिए श्रोता पहुंचे,मुशायरे में गंगा जमना तहजीब की झलक शान में अपने कलाम पेश किए। नाम-ए-मोहम्मद से खुशबू-ए-वफा आती है, उनके रोजे से उम्मती उम्मती की सदा आती है, काश कि बैठूं मैं मदीने की गलियों में, कहते हैं कि वहां जन्नत से हवा आती है...



देखने को मिली।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नातिया मुशायरा में शोहराओ ने अपने नातिया कलाम पेश किए। मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी के बताया मिसम भोपालपुरी, विजय तिवारी भोपाल ,खुर्शीद हैदर मेरठ, सुरेन्द्र सिंह शजर देहली, फैज खुमार बाराबंकी, महबूब अंसारी मुरादाबाद, शरफ नानपारवी बेहराइच, रजा शैदाई, हाकिम अय्यूबी आदि ने नबी ए करीम की जुल्मों सितम को हम ज़माने से मिटा देंगे पैगाम अमन का सारे जहाँ को सुना देंगे..

तेरे कदमों की धूल पर कुरबान मेरा वजूद ये माल क्या चीज़ हैं आक़ा, हम जान लुटा देंगे..

वही नबी की शान में शायरी पढ़ने पर श्रोता झूम उठे। सेंट्रल मिलाद बोर्ड व वाहिद मेमोरियल वेलफेयर एण्ड रिलीफ सोसायटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

# भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात: रूबी खान

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे सालगिरह के मौके पर एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग की उपाध्यक्ष,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव और भारत यात्रा का हिस्सा रही रूबी खान ने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय लोग प्रेम करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद यह था कि देश के हर कोने में प्यार की आवाज सुनाई दे। और यह देश ने साबित भी कर दिया। राहुल गाँधी जी की इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनना, उनके और कन्याकुमारी से कश्मीर तक करोड़ों भारतीयों के साथ क़दम से कदम मिला कर ज़ख़्मी हो कर भी लगातार चलते रहना मेरे लिए ताउम्र गर्व का पर्याय रहेंगे।

रूबी खान ने कहा कि राजस्थान से एकमात्र महिला भारत यात्री होने के नाते जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी तो हमे पूरी उम्मीद थी कि प्रेम नफरत को जीतेगा और उम्मीद डर को हराएगी, आज हमारा मिशन वही है।

भारत जोड़ो यात्रियों द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल तय की गई दूरी ने करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेम, आपसी सद्भाव और भाईचारे की अभूतपूर्व जनचेतना जगाई है।



### कब शुरू हुई थी भारत जोड़ो यात्रा

7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की थी। यह 30 जनवरी 2023 को खत्म हुई। यात्रा के दौरान गांधी ने 12 सार्वजनिक बैठकों, 100 से ज्यादा नुक्कड़ सभाओं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस यात्रा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेता भी मार्च के दौरान अलग-अलग जगह पर राहुल गांधी के साथ में चले।पूरी यात्रा में राजस्थान से रूबी खान एकमात्र महिला भारत यात्री थीं जिन्होंने यात्रा में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था।

रूबी खान का कहना है कि यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। भारत जोड़ो यात्रा का हर यात्री आज भी अपने क्षेत्र के एक एक क्षेत्रवासी से जुड़कर और उन्हें जोड़कर न सिर्फ अपने क्षेत्र की समस्याओं के लिए निरंतर कार्यरत है बल्कि नफरती और अलगाववादी चिंटूओं के नफरती एजेंडे को बिना रुके, बिना डरे ध्वस्त करने में जुटा हुआ है।

# मदरसों में शिक्षक दिवस मनाया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजधानी जयपुर के सभी मदरसो में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्धा के निर्देशानुसार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खो नागोरियान स्थित मदरसा कौसर पब्लिक स्कूल में 16 वर्षों से कार्यरत शिक्षक कुलदीप सिंह राजावत को बेस्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया।वहीं छात्र-छात्राओं ने शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाया। छात्र छात्राओ ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार भी प्रकट किया।इस अवसर पर मदरसे के आलिया, इकरा, उजेर एवं मशरीफा ने शिक्षकों के नेतृत्व में कक्षा में अध्यापन कार्य किया।शिक्षा अनुदेशक कुलदीप सिंह राजावत ने इस अवसर पर शिक्षक की विधार्थियो के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताते हुए कहा जिस प्रकार से एक मोमबत्ती जल करके दूसरों को रोशनी देता है उसी प्रकार अध्यापक भी बच्चों को सीखने का प्रयास करते हैं और एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। इस मौके पर मदरसा के प्रधानाध्यापक फरहान इसरायली ने बताया कि शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करना बहुत महत्वपूर्ण है। उनकी मेहनत और समर्पण के बिना हम सफलता की ओर नहीं बढ़ सकते। मैं अपने मदरसे के सभी शिक्षकों का दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं। हमें सदैव अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए।



अच्छा शिक्षक वो होता हैं जो विधार्थी की हर गलती को क्षमा करने की भावना रखता हों एवं उसकी हर कमजोरी को दूर कर उसे शिखर तक लें जाता हों। यह शिक्षक ही होता हैं जो विधार्थी को अंधकार से उजाले की और लें जाता हैं, उसमें अनुशासन सिखाता हैं, कठोर परिश्रम करना सिखाता हैं।



**अभिषेक सिद्धा**
**जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जयपुर**

# ईद मिलादुन्नबी के मौके पर वर्क की मुहिम: मानव सेवा हेतु करेंगे अंगदान के लिए प्रेरित

**-साक्षरता दिवस पर पेंसिल कॉपी की वितरित**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । रबी उल अव्वल माह का चांद नज़र आते ही मुस्लिम समाज में एक मुहब्बत की ऊर्जा का संचार हो जाता है और इस मुहब्बत की वजह है हज़रत मुहम्मद सल्ललाहो अलैहि वसल्लम की यौम ए पैदाइश का दिन।



वर्क राजस्थान के प्रवक्ता सैयद असगर अली ने बताया कि इस माह में पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्म एवं वफात हुई थी और मुहम्मद साहब तमाम जहान के लिए रहमत बनाकर भेजे गए थे। इस को प्रतिपादित करते हुए वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ़ रिलीजन एंड नॉलेज (वर्क)प्रत्येक वर्ष करुणा एवं दया के कार्यों की मुहिम चलाता है।

जिसको करुणा माह मुहिम तथा जन्म दिवस को करुणा दिवस के रूप में निभाने का संकल्प लेकर समस्त मानवता की सेवार्थ निष्काम भाव से कार्य किए जायेंगे। सैयद असगर अली ने बताया कि पूरे माह की सारणी प्रसारित कर दी गई है जिसको वर्क्स की टीम पूरे राजस्थान में करेगी। चूंकि रविवार को साक्षरता दिवस था तो इस मौके पर राजधानी जयपुर के स्लम एरिया कलंदर बस्ती में कॉपी पेंसिल वितरित की गई।आगे के कार्यक्रम में वाचमेंस को स्वीट/चॉकलेट वितरण,रेल,बस यात्रियों को बिस्कुट वितरण,व्रधाश्रम की विजिट,नगर निगम कर्मियों को कार्ड,चॉकलेट वितरण एवं सौंदर्यकरण पर चर्चा,ट्रैफिक पुलिस को कार्ड,चॉकलेट वितरण,हिंदी दिवस पर मदरसा में कार्यक्रम,गरीब बच्चो को ड्राइंग बुक और कलर वितरण, फ्रूट एंड कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन,गरीब बच्चो को ट्रीट इन रेस्टोरेंट,पौधा वितरण,इंजीनियर्स डे,कॉलेज में कार्ड बिस्कुट वितरण,कच्ची बस्ती में दवाई वितरण,शांति मार्च (अल्बर्ट हॉल से),कुशन(गद्दी),कार्ड्स सब्जी मंडी में वितरण,परिण्डे लगाना,डॉक्टर्स का सम्मान,जनता रसोई,वेबिनार(करुणा के कार्यों में सहभागिता)पर्यटन दिवस (हवामहल,पधारे म्हारे देस थीम,कार्ड्स),नेत्रहीन विद्यालय विजिट,थाने,महिला थाने विजिट,कार्ड्स,चॉकलेट वितरण,बैट्री रिक्शा चालकों को बिस्कुट वितरण ,गौ शाला विजिट,मेडिकल कैंप इत्यादि आयोजित किए जाएंगे।उल्लेखनीय है की वर्क संस्था ने पूरे भारत में 400 मुस्लिम महिला पुरुष का अंगदान संकल्प पत्र भारत सरकार से प्राप्त किया है, जिसमें राजस्थान से 36 वर्कर्स शामिल हैं,जिसमे टोंक के सैयद असगर अली और मुहम्मद आरिफ शामिल हैं,ये मानव सेवा का जज्बा ही है।ज्ञात रहे कि वर्क संस्था भारत में सतयुग के आगमन हेतु सकल प्रयास कर रही है, वर्क का कहना है कि सतयुग जब शुरू होगा भारत विश्व गुरु होगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**-भिश्ती विकास युवा संस्थान ने किया आयोजन**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भिश्ती विकास युवा संस्थान द्वारा जयपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।



समारोह के मुख्य अतिथि किशनपोल विधानसभा के विधायक अमीन कागजी रहे, जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को प्रगति के मार्ग पर ले जाने का सबसे बड़ा साधन है। भिश्ती विकास युवा समिति के अध्यक्ष अकरम चौहान ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि समिति शिक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा की समिति आगे भी सामाजिक कार्य जैसे रक्तदान शिविर, सामूहिक विवाह सम्मेलन, कब्रिस्तान सफाई अभियान, और नशा मुक्ति अभियान जैसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। इस अवसर पर समिति के सचिव जावेद कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि हाजी लतीफ, मंडल अध्यक्ष इफ्तिकार, बी. एस मेमोरियल सैकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल इमरान, और अन्य समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। समारोह में छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की ओर से "नेशनल न्यूट्रिशन वीक -2025" प्रोग्राम का आयोजन किया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । ब्राइट फ्लावर्स सेकेण्डरी स्कूल नाहरी का नाका, जयपुर में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की ओर से नेसले हेल्थी किड्स के अंतर्गत "नेशनल न्यूट्रिशन वीक -2025" प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 7 से 9 तक के सभी विद्यार्थियो द्वारा अलग-अलग पारंपरिक भोजन का स्टाल लगाया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय के लोगो में पारंपरिक भोजन का बढावा देना और पोषण का महत्व, और स्वास्थ्य आहार की आदतों के प्रति जागरुकता फैलाना है। मेले का प्रारम्भ विद्यालय के डायरेक्टर अब्दुल मजीद द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा सभी बच्चों द्वारा



बनाकर लाये गये पौष्टिक आहार को टेस्ट करके सभी बच्चों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी अध्यापकगण द्वारा प्रोग्राम का भरपूर आनंद लिया गया। प्रोग्राम में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अबुल कलाम, रियाज मोहम्मद, अबुल हसन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की तरफ से टीम मॉनिटरिंग ऑफिसर सतीश पवार, यूथ मेंटोर तारावती बेरवा, नरेश गुजराती और प्रियंका साहू ने अहम भूमिका निभाई। प्रोग्राम के अन्त में डायरेक्टर अब्दुल मजीद द्वारा आये सभी अभिभावक/विद्यार्थीगण का धन्यवाद किया गया एवं इस तरह के प्रोग्राम भविष्य में भी करवाने की बात कही।

# पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर की जुआरियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही

**-9 जुआरियो को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 40410 रूपये किये जप्त**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। लिखमाराम पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में गिरिराज सिंह उ.नि., किशन लाल हैड कानि. 1793, विक्रम सिंह कानि. 9779, रामजीलाल कानि. 4951, विजय कुमार कानि. 8632, कमल आरटी कानि. 3030, कानि. लखन लाल नं. 5467 की टीम गठित की गई।

टीम द्वारा मुल्जिमान 1. राजु लुहार पुत्र हनुमान लुहार उम्र 30 साल जाति लुहार निवासी नारदपुरा बालाजी विहार कोलोनी आमेर जयपुर 2. बाबू लुहार पुत्र पीलु लुहार उम्र 50 साल जाति लुहार निवासी रामगढ मोड ब्रह्मपुरी जयपुर, 3. सलमान पुत्र श्री गौस मोहम्मद उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी मोहम्मदाबाद, फरुखाबाद युपी हाल बिलोचियां मोहल्ला लाल मस्जिद गलतागेट जयपुर, 4. कैश पुत्र मुन्ना उम्र 27 साल जाति मुसलमान निवासी 60 रैगरो का मोहल्ला लाल मस्जिद गलतागेट जयपुर, 5. शमशुद खान पुत्र हसीफ खान उम्र 33 साल जाति मुसलमान निवासी विलोचियां मोहल्ला, लाल मस्जिद गलतागेट जयपुर, 6. अरसद पुत्र शाकिर उम्र 25 साल जाति मुसलमान निवासी गांव फुल बाग गली, एटा जिला एटा युपी हाल तीर्थ नगर मानबाग जयसिंह पुरा खोर जयपुर, 7. वकिल खान पुत्र भुरे खां उम्र 38 साल निवासी गांव मंढापुर थाना करैल जिला मैनपुरी युपी हाल सलीम भाई का मकान मोहल्ला इच्छावतान गलतागेट जयपुर, 8. मोहम्मद भूरा खां पुत्र पप्पु उम्र 32 साल जाति मुसलमान निवासी गांव सब्जी घिया मंडी जिला मथुरा युपी हाल नासिर



भाई का मकान लाल मस्जिद के पास मोहल्ला बिलोचियान गलतागेट जयपुर, 9. वसीम खां पुत्र इस्लामुदीन उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी म.न. 61 लाल मस्जिद के पास मोहल्ला बिलोचियान थाना गलतागेट जयपुर को बिना अनुमति लाईसेंस के सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया जाकर मुल्जिमानों के कब्जे से कुल 40410/- रूपये जुआ राशि व ताश पते को किया गया जप्त ।

# सैनी (माली) समाज प्रतिनिधि मंडल ने सिक्किम के राज्यपाल को दी बधाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर के जयपुर निवास पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी ने सैनी (माली) समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ शिष्टाचार मुलाकात कर नवीन जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी विनम्र और कर्मठ ओम प्रकाश माथुर का राजस्थान की राजनीति में अहम योगदान रहा लाखों कार्यकर्ताओं को उन्होंने मार्गदर्शित किया और विश्वास जताया कि आगे भी वह राजस्थान के इस विशाल परिवार के साथ जुड़े रहेंगे और मार्गदर्शित करते रहेंगे ।



इस अवसर पर बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, माली समाज के जिला अध्यक्ष व भाजपा नेता श्री रोशन लाल सैनी ,कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी ,सूरज प्रकाश सैनी सहित समाज के अन्य गणमान्य लोक उपस्थित रहे वह सभी ने शुभकामनाएं दी।

# जिला कलक्टर सोनी ने किया जलभराव प्रभावित इलाकों का दौरा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। शनिवार को बारिश के चलते जयपुर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जलभराव से प्रभावित इलाकों का दौरा कर मौके का निरीक्षण किया। सोनी ने जवाहर नगर कच्ची बस्ती, टीला नंबर-1,2,5,6 एवं 7 मोती डूंगरी रोड, परकोटा सहित अन्य प्रभावित इलाकों में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्रभावितों से संवाद भी किया।

इस दौरान जिला कलक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर राहत एवं बचाव के कार्य शुरू करवाए। जिला कलक्टर ने आमजन से बारिश के दौरान सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की है।

# द राजस्थान वॉरियर्स सोसायटी का गठन, कमल शर्मा अध्यक्ष मनोनीत

**-राज्य भर की प्रतिभाओं एवं समाजसेवियो को आगे लाने के प्रयास होंगे**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में छात्र-छात्राओं ,आमजन को तनाव से दूर रखने व पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, राज्य भर की प्रतिभाओं एवं समाजसेवियो को आगे लाने के उद्देश्य को लेकर शनिवार को मानसरोवर जयपुर में द राजस्थान वॉरियर्स सोसायटी का गठन किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में मोटीवेटर, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक, विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देने वाले एवं वर्तमान में जयपुर जिले की आंधी पंचायत समिति में पदस्थापित जूनियर असिस्टेंट एवं समाजसेवी कमल शर्मा को मनोनीत किया गया।

मानसरोवर जयपुर में शनिवार को आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रथम अध्यक्ष के रूप में मोटीवेटर, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक, विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देने वाले एवं वर्तमान में जयपुर जिले की आंधी पंचायत समिति में पदस्थापित जूनियर असिस्टेंट एवं समाजसेवी कमल शर्मा को मनोनीत किया गया। द राजस्थान वॉरियर्स सोसायटी जयपुर महानगर समेत एवं राजस्थान के समस्त जिला स्तर, ब्लॉक स्तर पर राजस्थान में छात्र-छात्राओं ,आमजन को तनाव से दूर रखने व पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, राज्य भर की प्रतिभाओं एवं समाजसेवियो को आगे लाने के उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम आयोजित करेगी ।द राजस्थान वॉरियर्स सोसायटी प्रत्येक जिले में दो संस्था प्रतिनिधि बनाएगी वह राज्य स्तरीय बैठकों में सम्मिलित होंगे व अपने जिले की कार्य योजना तैयार कर जनता जनार्दन को राहत प्रदान करने एवं जिलों की प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य करेंगे।

# राजस्थान भिश्ती समाज विकास समिति का सम्मान समारोह सम्पन्न

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान भिश्ती समाज विकास समिति एव अखिल भारतीय अब्बासी वेलफ़ेयर एसोसिएशन की तरफ से रविवार को शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान समारोह का सफ़ल आयोजन किया गया।

समिति के अध्यक्ष जनाब कमरुद्दीन पटेल ने बताया कि इस आयोजन में 150 छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा हेतु सम्मानित किया गया एव पूरे भारत से आये मेहमानों का भी सम्मान किया गया।



प्रोग्राम की सदारत दिल्ली से आये राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब चाँद खा अब्बासी ने की एव मुख्य अतिथि जनाब रफीक खान साहब विधायक आदर्शनगर एव ज़नाब मुकीत अब्बासी UP प्रदेश अध्यक्ष ,राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हाजी शकील अब्बासी, मध्यप्रदेश अध्यक्ष जनाब युसुफ़ अब्बासी रहे,मेहमानो का स्वागत फीलखाना पटेल व जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर साहब ने किया।

# सांगानेर मीडिया की निर्भीक कवरेज ने भजनलाल सरकार को दिया हवाला, सांगानेर उपायुक्त का हुआ तबादला

**सादिक हिंदुस्तानी**

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर की जनता नवनियुक्त उपायुक्त नेहा मिश्रा का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नगरी सांगानेर में भ्रष्टाचार मुक्त एवं सबके साथ समान व्यवहार तथा किसी के साथ नहीं होगा अन्याय वाला प्रशासन मिलेगा का बेसब्री से इंतजार कर रही है। सांगानेर में रॉयल पत्रिका ने हर समस्या को उठाने का प्रयास किया है । सच को सच और गलत को गलत लिखने में अव्वल रहा है और हमेशा लिखता रहेगा । निर्भीक पत्रकारिता ने चारों तरफ किया उजाला उसी का आज हो रहा है बोलबाला।

आज की चाटुकारिता के दौर में सरकार को आईना दिखाने वाले पत्रकारों की बहुत कमी है, सांगानेर के पत्रकारों ने एवं राजस्थान सरकार ने आज यह साबित कर दिया है कि पत्रकारों में सच दिखाने का दम है, और सरकार में निर्णय लेने की क्षमता। आज कल सांगानेर नगर निगम प्रशासन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो अंधकार की चपेट में आ गया हो। ग्रेटर नगर निगम के सांगानेर जोन में गोरख धंधा ज़ोर पकड़ रहा है। चारों तरफ खुले आम अवैध निर्माण चल रहे हैं, जगह-जगह सीवरेज उबल रही है, कचरा गाड़ियों की मनमानी चल रही है, साफ- सफाई की सुचारू व्यवस्था नहीं है, सिटी एस बस स्टैंड सांगानेर पर 16 दुकानों के नाम से फर्जीवाड़ा हो रहा है । सालों से काबिज आठ दुकानदारों के साथ अन्याय हो रहा है, सांगानेर नगर निगम में जनता की सुनवाई नहीं हो रही है, सांगानेर मेन बाजार मालपुरा गेट से अनाज मंडी तक एवं नगर निगम रोड पर नगर निगम प्रशासन की अज्ञानता के कारण पानी का सैलाब आ रहा है, आदि तमाम समस्याओं से जूझ रहा सांगानेर को ऐसा आला



**गोरधन लाल शर्मा**
निवर्तमान सांगानेर उपायुक्त

अधिकारी उपायुक्त चाहिए जो इन समस्याओं को हल कर सके और आने वाली परेशानियों को दूर कर सके। सांगानेर मीडिया सांगानेर विधानसभा के विकास में कंधे-से-कंधा मिलाकर चलती रहेंगी। गलत होने पर आईना दिखाने में गुरेज नहीं करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विधानसभा सांगानेर का चारों तरफ विकास हो, सभी आला अधिकारियों का साथ हो, ऐसा सभी का प्रयास हो राजस्थान सबसे अव्वल हो यही हमारा उद्देश्य हो।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### सत्ता में बने रहने के लिए नफरत की राजनीति की जा रही है !

वर्तमान में देश में अधिकतर राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए नफरत की राजनीति, धर्म की राजनीति, जातिवाद की राजनीति, वर्गवाद की राजनीति एवं भेदभाव की राजनीति करने से नहीं चूक रहे हैं । ज्यादातर देशभक्ति और राष्ट्रवाद की बात करते हैं, लेकिन देश मजबूत कैसे बनेगा यह कोई दल नहीं बताता है । देश का नागरिक पढ़ा-लिखा बने, समझदार बने, अच्छा व्यवसायी बने, वैज्ञानिक बने इसके लिए अच्छी प्राथमिक और उच्च शिक्षा जरूरी है । इसके उलट सत्ताधारी दल आम नागरिकों को शिक्षित होने से रोकते हैं । शिक्षा को इतना महंगा कर दिया गया है कि साधारण परिवार के बच्चों का पढ़ना मुश्किल होता जा रहा है । देश में एक वर्ग ऐसा विकसित हो गया है जो किसी भी राजनीतिक दल में शामिल होकर सत्ता पा लेता है । यह राजनीति के सत्ताजीवी वर्ग देश की आम जनता चाहे किसी भी जाति, वर्ग एवं धर्म की हो आसानी से धोखा देता है और बेवकूफ बनाता रहता है । देश की आम जनता ना तो नफरत की राजनीति चाहती है और नहीं धार्मिक एवं जातिवाद की राजनीति चाहती है । लेकिन फिर भी उसको यह सब सहना पड़ता है । देश का सत्ताजीवी वर्ग काफी पावरफुल स्थिति में है । इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित किया जाता है और जेलों में पहुंचा दिया जाता है । देश में जो समुदायों के बीच नफरत दिखाई दे रही है । यह प्राकृतिक नहीं है, नफरत को कृत्रिम रूप से फैलाया जा रहा है । सरकारें देश में शिक्षा, रोजगार, अच्छे अस्पताल, अच्छी सड़के, अच्छे स्कूल एवं अच्छे कॉलेज बनाने में नाकाम है । जनता के विरोध को दबाने के लिए बेरोजगार युवाओं को भड़काने के लिए सत्ताधारी दल नफरत की राजनीति कर रहे हैं । यही कारण है कि देश में एक मस्जिद को अवैध बताकर आंदोलन करते हैं, लेकिन बिहार में 2 हज़ार करोड़ के पुल टूटकर गिर जाते हैं और महाराष्ट्र में 3600 करोड़ की महाराज शिवाजी की मूर्ति टूट कर गिर जाती है फिर भी देश में कोई आंदोलन नहीं किया जाता है । सरकारी धन की लूट खसोट हो रही है । सरकारी दफ्तरों में सत्ताधारी नेताओं और सरकारी कर्मचारियों द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है । फिर भी कोई आंदोलन नहीं किया जाता है । देश में नाम मात्र का लोकतंत्र रह गया है, देश का माननीय न्यायालय भी मुकदमों में न्यायिक निर्णय न करके आदेश पारित करने लगा है । देश के सैकड़ो युवा बिना किसी कसूर के जेल में बंद है, जिनकी चार-पांच वर्षों से जमानत तक नहीं हो रही है । लेकिन बलात्कारी, हत्या आरोपी बेईमान, देशद्रोही एवं भ्रष्टाचारियों को कुछ दिनों और महीनों में धड़ाधड़ जमानत मिल रही है । देश में बलात्कारियों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है, फिर भी महिलाओं की सुरक्षा का अभी तक उचित इंतजाम नहीं किया गया है । देश में वर्ल्ड क्लास की यूनिवर्सिटी, कॉलेज, अस्पताल बनाने के लिए सरकार ठोस कदम नहीं उठा रही है । लेकिन धार्मिक प्रतिष्ठान बनाने पर अनाप-शनाप पैसा खर्च किया जा रहा है । जब जनता सत्ता या सत्ता में बैठे लोगों के खिलाफ आवाज उठाती है तो नफरत की राजनीति शुरू हो जाती है । एकमत जनता को बांट दिया जाता है । नफरत की राजनीति को कम करने के लिए बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक वर्गों को सोचना पड़ेगा और देश को कमजोर होने से बचाना होगा ।

# सम्राट अकबर महान की महानता पर सवाल क्यों ?

भारतीय इतिहास में महान उसे बताया गया है, जिसने सम्पूर्ण देश को एक बनाने का प्रयास किया हो और छोटे-छोटे राज्यों के स्थान पर एक केन्द्रीय शासन की स्थापना की हो। प्रथम महान शासक, सम्राट अशोक महान थे, जिन्होंने लगभग सम्पूर्ण भारत पर राज किया। इसीलिये उनको सम्राट अशोक महान कहा जाता है। कालान्तर में अकबर महान ने सम्पूर्ण देश को एकता के सूत्र में बाँधने का प्रयास किया और छोटे-छोटे राज्यों के स्थान पर एक केन्द्रीय शासन की स्थापना की, इसलिये इनको महान कहा गया। लेकिन ये दोनों ही हिन्द नहीं थे, अशोक बौद्ध धर्मावलम्बी थे तो अकबर मुस्लिम (बाद में अकबर ने दीन-ए-इलाही धर्म भी चलाया)। इसलिए आजकल इनकी महानता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा नहीं कि अकबर ने विदेशी संस्कृति अपनाई हो। उनके दरबार के नवरत्नों में से कई हिन्द थे (बीरबल, टोडरमल, तानसेन, राजा मानसिंह आदि) और दरबार में होली ईद समान रूप से मनाये जाते थे। वैसे आज के युग मे यह आश्चर्यजनक लग सकता है, क्योंकि आजकल लोगों की आँखों पर धर्म का

चश्मा लग चुका है, लेकिन यही सच है। महाराणा प्रताप को कोई महान कहे तो कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन सिर्फ अन्य धर्म का होने के कारण किसी दूसरे के कार्यों का सही मूल्यांकन नहीं किया जाये और उसे कमतर आँका जाये, यह न्यायोचित नहीं है। अपने पचास साल के शासनकाल में अकबर ने सुधार के जो कार्य किये, उनमें से कई की झलक आज भी मिल जाती है। अकबर की धार्मिक नीति, शासन प्रबन्ध, सेना की व्यवस्था, वित्तीय प्रबन्ध, न्याय व्यवस्था आदि सभी समकालीन राजाओं और शासकों से बेहतर थे, यह प्रसिद्ध इतिहासकारों की पुस्तकों में वर्णित है।

अकबर के कुछ प्रमुख सुधार निम्न थेः-

1. युद्धबन्दियों को गुलाम बनाना बंद किया और न ही उन्हें जबरन मुसलमान बनाया,
2. तीर्थयात्रा कर समाप्त किया,
3. जजिया कर समाप्त किया,
4. छोटे-छोटे राज्यों को जीतकर केन्द्रीय शासन के अधीन लाया गया और विजित क्षेत्रों में धार्मिक सहनशीलता और उदारता का परिचय दिया, संगठित भारत का विचार उसका मधुर स्वप्न था, जिसे वास्तविकता में परिवर्तित करने के लिए उसने अनवरत संघर्ष किए,
5. हिन्दओं और राजपूतों को उच्च पदों पर नियुक्त किया। वह रक्षाबन्धन, दशहरा, दीवाली, होली आदि बड़ी धूमधाम से मनाता था। अकबर ने अपनी माता की मृत्यु पर हिन्दओं के समान सिर मुंडाया था, सलीम (जहांगीर) का विवाह भी हिन्द पद्धति से कराया,
6. अकबर ने बहुत से राजपूत राजाओं को अपने साथ युद्ध करने पर भी क्षमा कर दिया और उनके साथ उदारता पूर्वक व्यवहार किया, अपनी हिन्द पत्नियों को पूरी धार्मिक स्वतन्त्रता प्रदान की,
7. राजपूतों को हीन और काफिर घोषित नहीं किया,
8. पूर्व सुल्तानों की भांति मंदिरों की मूर्तियाँ नहीं तोड़ीं,
9. उपरोक्त कार्यों से देश में अपूर्व समृद्धि और सांस्कृतिक चेतना का उदय हुआ,
10. वह हिन्द जैन, पारसी और ईसाई धर्मावलम्बियों के साथ भी धार्मिक चर्चा किया करता था,
11. तत्कालीन समय के अनुसार अकबर का शासन प्रबन्ध सर्वोत्तम



था,
12. राजा, प्रधानमंत्री, मंत्रीगण, मीरबख्शी, प्रमुख सदर, मीर सामाँ आदि केन्द्रीय शासन में; सिपहसालार, दीवान, काजी, प्रान्तीयबख्शी, वाकयानवीस, कोतवाल और मीर बहर प्रान्तीय शासन में, फौजदार, अमलगुजार, वितिक्ची (लेखक) और खजानदार जिला प्रशासन में तथा शिकदार, आमिल, फोतदार और कानूनगो परगने के प्रशासन के अधिकारी होते थे। इनके अलावा बन्दरगाहों, सीमान्त चौकियों, म्यूनिसिपल प्रशासन और ग्राम प्रशासन के अधिकारी अलग होते थे। उस समय इस प्रकार के पद सोपान से व्यवस्थित ढंग से कार्य करना एक अच्छे शासक के लक्षण कहे जा सकते हैं,
13. अकबर का नगर प्रशासन पूर्वकालीन हिन्द व्यवस्था पर आधारित था। कोतवाल ही सती प्रथा, बलात् धर्म परिवर्तन, कम उम्र में शादी, भ्रूण हत्या और दुराचारों पर नजर रखता था,
14. अकबर के पास एक सुव्यवस्थित सेना थी, जिसकी संख्या तीन लाख से कम नहीं थी,
15. इसी प्रकार वित, न्याय, टकसाल, बन्दीगृह, पुलिस व्यवस्था, शिक्षा आदि का शासन में स्थान था.
16. अकबर के समय स्थिरता थी, अतः सामाजिक, आर्थिक और सामान्य जन-जीवन की दशा अच्छी थी, विदेशी व्यापार होता था। प्रत्येक मनुष्य बिना किसी कमी के जीवन व्यतीत करता था. क्योंकि जीवनोपयोगी वस्तुएं आसानी से और सस्ती उपलब्ध हो जाती थीं,
17. अकबर का शासनकाल कला कौशल की उन्नति और हिन्दी पद्य का स्वर्णयुग कहा जाता है। संस्कृत की कई पुस्तकों का अनुवाद अरबी-फारसी में और अरबी-फारसी की कई पुस्तकों का अनुवाद संस्कृत में किया गया। रामायण और महाभारत का अनुवाद किया गया। तुलसीदास, सुरदास, रहीम, श्रीकृष्ण भक्त रसखान आदि अकबर के ही समकालीन थे,
18. सूरसागर और श्रीरामचरितमानस इसी युग में लिखे गये। अगर उस युग में धार्मिक कट्टरता होती, (जैसा कि अकबर को महान नहीं मानने वाले महानुभाव मानते हैं), तो क्या ये कृतियाँ प्रकाश में आ पातीं ? एक वैज्ञानिक ने अपनी विज्ञान की खोजें एक पुस्तक के रूप में लिखी, कि धरती गोल है और सूर्य के चक्कर लगाती है। यह बाईबिल के विरुद्ध था। फलतः उसको अपनी लिखी हुई पुस्तक राजा के सामने खानी पड़ी। क्या ऐसी कट्टरता अकबर के समय थी ?
19. कुरान में मनाही के बावजूद अकबर ने चित्रकारी और सुन्दर लेखन कला को बढ़ावा दिया। पुस्तकों को सुन्दर चित्रों से कलात्मक बनाया गया। संगीत, भवन निर्माण कला, बाग-बगीचों आदि को उचित प्रोत्साहन दिया गया। वह टोपी नहीं पहन कर भारतीय प्रथा के अनुसार साफा बाँधता था,
20. सुशिक्षित न होते हुए भी वह आध्यात्म, साहित्य, कविता, दर्शनशास्त्र, इतिहास आदि पर ज्ञान सुन-सुन 21 कर अर्जित कर चुका था। कोई आसानी से अनुमान नहीं लगा सकता था कि वह निरक्षर होगा। . मानवीय कमजोरियां उसके स्वभाव में भी थीं, जो कि तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार गलत नहीं

कही जा सकती। वैसे इतिहासकारों ने 'महल में साप्ताहिक मीना बाजार लगाने की कथा और बीकानेर के पृथ्वीराज राठौर की पत्नी से सम्बन्धित किंवदन्तियाँ; भाट और चारणों द्वारा निर्मित निराधार कथायें जान पड़ती हैं ऐसा लिखा है। दो राजाओं के बीच होने वाले युद्धों के परिणामस्वरूप जो जनहानि होती है, उसे छोड़ दिया जाये तो जो भी इतिहास की पुस्तक देखी, उसमें कहीं ऐसा लिखा नहीं मिला कि अकबर ने कभी बड़ी संख्या में लोगों की हत्यायें करवाई हों।
22. वह एक अखिल भारतीय साम्राज्य के आदर्श का समर्थक था, जबकि उसके विरोधियों की सोच केवल

अपने राज्य को बचाने, उसकी उन्नति और खुशहाली तक ही सीमित थी। 23

. अकाल, बाढ़ आदि आपदा से फसलें नष्ट होने पर किसानों को भू-राजस्व में छूट दी जाती थी,
24. रणथम्भौर, बाँसवाड़ा, सिरोही आदि कितने ही राज्य ऐसे थे, जिनसे अकबर के मैत्री सम्बन्ध थे, लेकिन वैवाहिक सम्बन्ध नहीं थे। उसने मैत्री सम्बन्ध की शर्त पर वैवाहिक सम्बन्ध नहीं किये,
25. यद्यपि जयमल और फत्ता उसके शत्रुदल के थे, फिर भी उनकी हाथी पर सवार पत्थर की मूर्तियाँ

आगरे के किले के मुख्य द्वार पर लगाने का आदेश अकबर ने दिया था।

इनके अलावा भी अनेकानेक खूबियाँ सम्राट अकबर महान में थीं जो इच्छुक पाठक किसी अच्छे इतिहासकार की पुस्तक में देख सकते हैं।

आज अकबर की नीतियाँ, देन इसलिये बुरी लग रही है कि वह हिन्द-मुस्लिम एकता का प्रतीक था। हो सकता है भविष्य में ताजमहल, लालकिले, जामा मस्जिद, कुतुबमीनार, बुलन्द दरवाजा, अजमेर-कपासन आदि की दरगाहें, फतेहपुर सीकरी के बुलन्द दरवाजे आदि को जमीन में मिला दिया जाये, क्योंकि ये मुस्लिम शासकों द्वारा बनवाई गई थीं।

डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा

संदर्भ- 1. भारत का इतिहास, पृष्ठ-426 से 549, लेखक व प्रकाशक-अज्ञात।
2. मध्ययुगीन भारत, पृष्ठ-296-331. डॉ. कालूराम शर्मा और डॉ. प्रकाश व्यास, पंचशील प्रकाशन।
3. भारत का बृहत् इतिहास 2. पृष्ठ 168, रमेशचन्द्र मजुमदार, हेमचन्द्र रायचौधुरी और कालिकिंकर दत्त, मेकमिलन इण्डिया लिमिटेड।
4. मध्यकालीन भारत, कक्षा ग्यारह, प्रोफेसर सतीशचन्द्र, एनसीइआरटी। मार्च 1999 अध्याय 13।

# मोहम्मद हिदायतुल्लाह पुण्य तिथि पर विशेष.....

हिदायतुल्लाह का जन्म सन 1905 में लखनऊ में हुआ। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा रायपुर के सरकारी स्कूल से पूरी करने के बाद 1926 में नागपुर के मॉरिस कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कैंब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रेंनटी कॉलेज में दाखिला लिया। जहां से उन्होंने बीए व एमए की डिग्री प्राप्त की। केम्ब्रिज में रहते हुए हिदायतुल्ला को 1929 में भारतीय मजलिस के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। यहां रहते हुए उन्हें प्रसिद्ध 'लिंकन इन' से अंग्रेजी व लॉ ट्रिपो का अध्ययन किया। इसके अलावा उन्होंने 1930 में बैरिस्टर-एट-लॉ का स्थान हासिल किया। स्नातक की पढ़ाई के बाद हिदायतुल्लाह भारत लौट आए, और 1930 को नागपुर में मध्य प्रांत और बरार के उच्च न्यायालय के एक वकील के रूप में नामांकित हुए। उन्होंने नागपुर के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ में न्याय शास्त्र और मुस्लिम कानून भी पढ़ाया। 1942 में नागपुर के उच्च न्यायालय में सरकारी वकील नियुक्त किए गए। 1943 को मध्य प्रांत वह बरार क्षेत्र के महाअधिवक्ता बने। सन 1946 में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए गए। 1954 में नागपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवा की। इसके पश्चात 1956 में उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। सन 1958 में उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में एक न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था, अपने समय में वह भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सबसे कम उम्र के न्यायाधीश थे। 28 फरवरी 1968 को भारत के मुख्य न्यायाधीश वह भारत के पहले मुस्लिम मुख्य न्यायाधीश बने। हिदायतुल्लाह ने 20 जुलाई से 24 अगस्त 1969 तक भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद हिदायतुल्लाह को विभिन्न राजनेतिक दलों ने सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति चुना व उनका कार्यकाल 1979 से 1984 तक रहा है। हिदायतुल्लाह हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी व फ्रेंच के विद्वान थे। साथ ही उन्हें संस्कृत व बंगाली भाषा का ज्ञान भी था। उन्होंने कुछ किताबों की रचना भी की जिनमें द साउथ वेस्ट अफ्रीका केस, माई ओन बोसवेल व एक जज की विविधता प्रमुख



है। उन्हें अपने जीवन काल के दौरान देश-विदेश में विभिन्न पुरस्कार व सम्मान से नवाजा गया। उनके सम्मान में 2003 में रायपुर में हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। उनकी मृत्यु 18 सितंबर 1992 को मुंबई महाराष्ट्र में हुई।

## 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। एसी. बी. ने कार्यवाही करते हुये भरत कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का ढूंढीया, तहसील मावली, जिला उदयपुर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ए.सी. बी. की स्पेशल यूनिट, उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि राजस्व रिकार्ड में नामान्तकरण शुद्धीकरण करने की एवज में आरोपी भरत कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का ढूंढीया, तहसील मावली, जिला उदयपुर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट, उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भरत कुमार मीणा पटवारी, पटवार हल्का ढूंढीया, तहसील मावली, जिला उदयपुर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

## रिश्वत देने और लेने वाले पर लानत

अल्लाह के रसूल (सल्ल०) ने फरमाया रिश्वत देने और रिश्वत लेनेवाले पर अल्लाह की फिटकार और लानत है।"(हदीस : बुखारी, मुस्लिम)

व्याख्या: इस हदीस में किसी शर्त और किसी खास हालत का जिक्र किए बिना रिश्वत लेने-देने का उल्लेख है और अल-मुंतक़ा (एक हदीस-ग्रंथ) में हज़रत अबू हुरैरा (रज़ि०) की रिवायत की गई एक हदीस है जिसका तर्जुमा यह है :

**"अल्लाह की लानत है हाकिम को रिश्वत देनेवाले पर और उस अधिकारी पर भी जो रिश्वत ले ।"**

रिश्वत किसे कहते हैं? रिश्वत उस माल को कहते हैं जो दूसरों का हक़ हड़पने के लिए सरकारी क्लर्कों और अधिकारियों को दी जाती है। और वह रक़म हरगिज़ रिश्वत नहीं है जो अपने जायज़ हक़ को हासिल करने के लिए बातिल हुकूमत के भ्रष्ट कारिंदों को दिल की पूरी नफ़रत के साथ अपनी जेब से निकालकर देनी पड़ती है, जिसके बिना अपना जायज़ हक़ नहीं मिलता है।

यही राय शैखुल-इस्लाम हाफ़िज इब्ने-तैमिया (रह०) की है और यही राय हदीस के मशहूर आलिम इमाम खत्ताबी (रह०) ने अपनी पुस्तक 'मआलिमु-स्सुनन' में कही है तथा यही बात कुरआन मजीद की सूरा बक़रा आयत 188 से भी मालूम होती है।

### शक व शुब्हेवाली चीज़ों से परहेज़

नबी (सल्ल०) ने फरमाया हलाल भी वाजेह है और हराम भी; लेकिन इन दोनों के बीच की कुछ ऐसी चीजें हैं जिनमें शक व शुब्हा है। तो जो व्यक्ति शक व शुब्हेवाले गुनाहों से बचेगा वह ज़रूर ही खुले गुनाहों से बचेगा।

अलबत्ता जो व्यक्ति शक व शुब्हेवाले गुनाह बेहिचक कर डालने का आदी होगा उसके खुले गुनाह में पड़ने का अन्देशा अधिक है। गुनाह, अल्लाह के उस इलाक़े (क्षेत्र) की तरह है जिसके अन्दर क़दम रखना जुर्म है। जो जानवर प्रतिबंधित इलाके के सिरे पर चरता है उसके प्रतिबंधित इलाके में जा पड़ने की अधिक संभावना रहती है।(हदीस : बुखारी, मुस्लिम)

**व्याख्या :** नबी (सल्ल०) के कहने का मतलब यह है कि यदि कुछ ऐसी चीजे हो जिनका न हराम होना एकदम वाजेह हो, न हलाल होना साफ़ मालूम होता हो। बल्कि उसके कुछ पहलू हलाल मालूम होते हों और कुछ हराम दिखाई पड़ते हो वो ऐसी हालत में मुसलमान की ज़िम्मेदारी यह है कि उन चीज़ों के क़रीब न फटके। जाहिर है, जो व्यक्ति सन्देहवाली चीज़ों से बचता हो, वह खुला हराम काम कैसे कर सकता है?

इसके बरखिलाफ़, जो व्यक्ति सन्देहवाली चीज़ों के नाजायज़ पहलुओं को जानते-बूझते उन्हें अपनाता है तो ऐसा व्यक्ति खुला गुनाह करने में और अधिक साहस दिखाएगा हक़ीक़त में यह दिल की खतरनाक हालत है जिससे चौकन्ना रहना बहुत ही ज़रूरी है।

मतलब यह है कि ऐसी चीज़ों से बचा जाए जिनमें शक या सन्देह हो ।

### शकवाली चीज़ से बचना

नबी (सल्ल०) ने फ़रमाया : कोई व्यक्ति मुत्तक़ी और परहेज़गार बन्दों की सूची में जगह नहीं पा सकता जब तक कि गुनाह में पड़ जाने के डर से वह चीज़ न छोड़ दे जिसके करने में कोई गुनाह नहीं । (हदीस : तिरमिज़ी)

व्याख्या : एक काम जायज़ है, उसके करने में कोई हर्ज नहीं; मगर उसकी सीमा गुनाह से मिली हुई है। आदमी को इसका एहसास हो जाता है कि यदि वह इस जायज़ काम के गिर्द चक्कर काटता रहा तो डर है, कदम फिसल जाए और वह गुनाह में पड़ जाए।

इस डर से वह उस जायज़ काम से फ़ायदा उठाना छोड़ देता है। दिल की इसी हालत को शरीअत की ज़बान में 'तक़वा' (परहेज़गारी, ईशपरायणता) कहा जाता है।

# चीन हमसे आगे क्यों है ?

चीन की राजधानी बीजिंग के एक मोहल्ले में एक लड़की के साथ बलात्कार हुआ। मामला उस शहर के तत्कालीन चेयरमैन माओ त्से तुंग तक पहुंचा।

जब वे पता लगाने लड़की के घर पहुंचे तो पता चला कि दुर्घटना को कई दिन हो चुके हैं। उन्होंने लड़की के सिर पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, "बेटी, जब तुम पर दबाव डाला गया तो क्या तुमने शोर मचाया?" लड़की ने "हाँ" में सिर हिलाया तो उन्होंने फिर पूछा "क्या तुम अब भी इतनी तेज आवाज कर सकती हो?" लड़की ने फिर हाँ में सिर हिलाया तो तुंग ने पुलिसवालों को बुलाया और उन्हें गाँव से आधे मील के दायरे में खड़े रहने का आदेश दिया।

जब सभी खड़े हो गए तो उन्होंने लड़की से कहा कि वह उतनी ही जोर से चिल्लाए जितनी वह दुर्घटना के समय चिल्लाई थी। लड़की चीख उठी। जब सैनिकों को वापस बुलाया गया और किसी आवाज के बारे में पूछा गया तो सभी ने चीख सुनने की बात स्वीकार की।

उसी समय, माओ त्से तुंग ने आधे मील के दायरे में सभी घरों में रहने वाले पुरुषों को इकट्ठा किया और सैनिकों को आदेश दिया कि "अगर वे आधे घंटे के भीतर बलात्कारियों के बारे में बता दें तो उन्हें छोड़ दिया जाए।" नहीं तो सबको गोली मार देनी चाहिए।"

हुआ ये कि दस मिनट के अंदर ही अपराधियों की पहचान कर ली गई और उन्हें सबके सामने मौके पर ही गोली मार दी गई। ये पूरा ऑपरेशन सिर्फ़ तीन घंटे में पूरा हो गया। अगले पचास सालों तक पूरे बीजिंग में कोई बलात्कार नहीं हुआ। इसीलिए चीन हमसे दो साल बाद आज़ाद होने के बाद भी दुनिया की महाशक्ति बन गया है। अगर यहाँ पीड़ित लड़की बच जाती है तो उसकी बाकी ज़िंदगी इंसाफ़ पाने के लिए कोर्ट में कट जाती है और अगर बलात्कारियों द्वारा उसे मार दिया जाता है तो कुछ ख़ास नहीं होता।

कुछ दिनों के कैंडल मार्च के बाद लोग इसे भूल जाते हैं और कुछ दिनों बाद एक नई घटना हो जाती है।

यहाँ लोग बलात्कारियों को वोट देकर अपना नेता चुनते हैं और बलात्कार हो जाने के बाद उनसे बलात्कारियों को सज़ा देने के लिए कहते हैं।

अज्ञात-- अब समय आ गया है कि युवा भारतीय राजनीतिक संरक्षण से ऊपर उठें, मानव जीवन को महत्व दें या खुद को शिक्षित कहना बंद करें ।

## सैयद अताउल्लाह शाह बुखारी अंग्रेजों के विरोध के कारण जेल गए



सैयद अताउल्लाह शाह बुखारी का जन्म 23 सितंबर 1892 को पटना में हुआ। अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद वह सहारनपुर जिले के देवबंद में मदरसे से जुड़ गए। सैयद अताउल्लाह शाह बुखारी ने अपने कैरियर की शुरुआत अमृतसर की एक छोटी मस्जिद में एक धार्मिक उद्देशक के रूप में की और लगभग 40 वर्षों तक कुरान की शिक्षा दी। अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही अपने भाषणों में उन्होंने गरीबों की दुःख और तकलीफ का जिक्र किया, और अपने अनुयायियों से वादा किया कि उनकी परेशानी का अंत ब्रिटिश शासन के अंत के साथ होगा। कोलकाता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आंदोलन में दिए गए भाषण के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ब्रिटिश अधिकारियों के दृष्टिकोण में अताउल्लाह शाह एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनके साथ बातचीत करने से कांग्रेस नेताओं से दूर जेल में बंद रहना बेहतर है। उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा ब्रिटिश विरोध का प्रचार करने में बिताया वह भारत में भारतीय राष्ट्रवादी मुस्लिम राजनीतिक आंदोलन मजलिस-ए-अहरार के संस्थापक पिता भी थे। 1946 में अहरार आंदोलन ने भारत के विभाजन का विरोध प्रस्ताव पारित किया। अताउल्लाह शाह बुखारी एक मुस्लिम हनीफी विद्वान भी थे। वह अपनी वक्तत्व कला के लिए भी जाने जाते थे और अधिकांश कलाएं फारसी में करते थे। उनकी कविता का संकलन सवती-अल-इलहाम में किया गया है। उनके जीवनी लेखक आगा शोरिश कश्मीरी कहते हैं, की बुखारी का सबसे बड़ा योगदान भारतीय मुसलमानों के बीच ब्रिटिश विरोधी भावनाओं का अनुसरण था। इन्होंने भारत विभाजन के समय पाकिस्तानी नागरिकता ग्रहण की और उनकी मृत्यु 1961 में पाकिस्तान के मुल्तान में हुई।

# मेहमान-नवाज़ी

### मेहमान का हक़

हज़रत खुवैलिद इब्ने उम्र (रज़ि०) से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल (सल्ल०) ने फ़रमाया जो लोग अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखते हों वे अपने मेहमान की खातिर करें। पहला दिन इनाम और बख्शिश का है (जिसमें उसकी खूब खातिरदारी की जानी चाहिए)। और मेहमानी तीन दिन की है। तीन दिन के बाद मेज़बान जो कुछ करेगा उस पर सवाब मिलेगा। मेहमान के लिए जायज़ नहीं कि वह अपने मेज़बान के यहाँ तीन दिन से अधिक ठहरे जिसकी वजह से वह तंगी और परेशानी में पड़ जाए। (हदीस : बुखारी, मुस्लिम)

व्याख्या: इस हदीस में मेहमान और मेज़बान दोनों को ही हिदायतें दी गई हैं कि मेहमान को तीन दिन से अधिक नहीं ठहरना चाहिए और मेज़बान को हर मुमकिन खातिरदारी करनी चाहिए। हाँ, मेज़बान खुद अपनी खुशी व रजामंदी से मेहमान को और अधिक दिन के लिए रोकना चाहे तो यह बात अलग है।

इस हदीस के आखिरी हिस्से की ज़्यादा स्पष्ट व्याख्या उस हदीस से होती है जिसका ज़िक्र 'सहीह मुस्लिम' में हुआ है जिसमें नबी (सल्ल०) ने फ़रमाया: किसी मुसलमान के लिए यह मुनासिब नहीं कि वह अपने भाई के पास इतने दिन ठहरा रह जाए कि उसे परेशानी में डाल दे। लोगों ने पूछाः ऐ अल्लाह के रसूल। वह कैसे उसे परेशानी में डाल देगा ? आप (सल्ल०) ने फरमाया वह इस प्रकार कि मेज़बान के पास ठहरा रहे और उसके पास खातिरदारी के लिए कुछ न हो।

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/ 5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/ व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M.Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/ Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/ पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/ Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/ एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

# पैकेटबंद खाने के अंदर छिपी बैठी हैं ढेर सारी बीमारियां




Packaged Foods Side Effects: आजकल मार्केट में पैकेटबंद फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। इससे इन्हें खरीदना और इस्तेमाल करना तो आसान हुआ है लेकिन इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स (Packaged Foods Side Effects) भी देखने को मिल रहे हैं। इसकी वजह से सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं पैकेज्ड फूड्स के क्या-क्या नुकसान हैं।

पैकेज्ड फूड्स का इस्तेमाल क्यों बढ़ रहा है
पैकेटबंद चीजों का इस्तेमाल काफी ज्यादा तेजी से बढ़ा है। इसका कारण पैकिंग है, क्योंकि इसकी वजह से उस चीज को कहीं भी ले जाना काफी आसान हो गया है। इसे कई दिनों तक स्टोर किया जा सकता है। इसके अलावा जरूरत की हर चीज हर साइज में पैकेट में मिल जाती है। मतलब जितना पैसा है, उतने में वो चीज आपको मिल जाएगी। यही कारण है कि न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इनका हेल्थ पर बुरा असर पड़ रहा है।

पैकेज्ड फूड्स के नुकसान
किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज को अगर पैकेजिंग किया जाता है तो उन्हें सुरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। इनके अलावा पैकेज्ड फूड में काफी ज्यादा नमक भी पाया जाता है, जो सेहत के लिए गंभीर नुकसानदायक हो सकता है।

पैकेटबंद फूड्स के साइड इफेक्ट्स
कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है। जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है। इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं। यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति धीरे-धीरे खत्म होने लगती है और कमजोरी-थकान हो सकती है।

# दिनभर फोन चलाने से शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर

आज के समय में, मोबाइल फोन हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। हम इसका इस्तेमाल बातचीत करने, मनोरंजन, जानकारी हासिल करने और भी कई कामों के लिए करते हैं। हालांकि, फोन का ज्यादा इस्तेमाल हमारे स्वास्थ्य पर कई नकारात्मक प्रभाव (Cellphone Side Effects) डाल सकता है। इसलिए अगर आप भी घंटों फोन पर स्क्रॉल करते हैं, तो आपको ये आर्टिकल जरूर पढ़ना चाहिए। इसमें हम जानेंगे इसके नुकसान और किन तरीकों (Tips To Reduce Screen Time) से इसे कंट्रोल किया जा सकता है।

ज्यादा फोन चलाने के शारीरिक दुष्प्रभाव
• आंखों की समस्याएं- फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों में तनाव और सूजन का कारण बन सकती है। इससे आंखों की थकान, जलन, और दृष्टि समस्याएं हो सकती हैं।
• सिरदर्द और गर्दन दर्द- फोन को देखने के लिए हम अक्सर अपनी गर्दन को अस्वाभाविक स्थिति में रखते हैं, जिससे सिरदर्द और गर्दन दर्द हो सकता है।
• नींद की समस्याएं- फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी हमारे शरीर की नींद के पैटर्न को प्रभावित करती है। इससे नींद न आना, नींद की गुणवत्ता में कमी और दिन के समय थकान महसूस हो सकती है।
• हैंड-फोन सिंड्रोम- फोन का ज्यादा उपयोग करने से हाथों और कलाई में दर्द और सूजन हो सकती है, जिसे हैंड-फोन सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है।
• जन बढ़ना- फोन के साथ बिताया गया ज्यादा समय शारीरिक गतिविधि को कम कर सकता है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

ज्यादा फोन चलाने के मानसिक दुष्प्रभाव
• तनाव और चिंता- फोन का ज्यादा इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर तुलना और गैर-जरूरी जानकारी से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।
• अकेलापन- फोन का ज्यादा इस्तेमाल असल जीवन में लोगों से जुड़ने के समय को कम कर सकता है, जिससे अकेलापन महसूस हो सकता है।
• फोमो (Fear of Missing Out)- सोशल मीडिया पर हमेशा कुछ नया हो रहा होता है, जिससे फोमो की भावना पैदा हो सकती है। इससे व्यक्ति को लगता है कि वह कुछ जरूरी चीजें मिस कर रहा है।
• डिप्रेशन- फोन का ज्यादा उपयोग डिप्रेशन के जोखिम को बढ़ा सकता है, खासकर यदि व्यक्ति सोशल मीडिया पर नकारात्मक कंटेंट देखता है।

कैसे करें फोन का इस्तेमाल कम?
• फोन का समय सीमित करें- प्रतिदिन फोन का इस्तेमाल करने का समय निर्धारित करें और उससे ज्यादा फोन न चलाएं।
• फोन को दूर रखें- सोने से पहले फोन को कमरे से बाहर या बिस्तर से दूर रखें, ताकि नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सके।
• शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं- फोन के उपयोग के समय को कम करके शारीरिक गतिविधि में समय बढ़ाएं।
• डिजिटल डिटॉक्स करें- समय-समय पर फोन का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करें, ताकि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारने का मौका मिल सके।
• सोच-समझकर इस्तेमाल करें- फोन का उपयोग करते समय सचेत रहें और उस पर बिताए जाने वाले समय को नियंत्रित करें।

# रिटायर अधिकारियों का अपॉइंटमेंट करेगा रेलवे, काम- सुपरविजन करेंगे

## -नियुक्ति के समय उम्र 65 वर्ष से कम हो

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। रेलवे में अब रिटायर हो चुके अफसर फिर से नौकरी कर सकेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया रेलवे बोर्ड, जोनल रेलवेज व मंडलों में कर्मचारियों अधिकारियों के पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए तो रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में भर्तियां निकली गई है। साथ ही और पदों पर भी भर्ती की तैयारी की जा रही है। वहीं अधिकारियों के पदों को भरने के लिए भर्तियों की बजाय उन्हें री-अपॉइंट किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने एक एप्लीकेशन फॉर्मेट जारी किया है, जिसके तहत रिटायर जूनियर, सीनियर स्केल और जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड (जेएजी) के अधिकारी आवेदन कर सकते हैं। उन्हें इस श्रेणी के खाली पड़े पदों पर बतौर सलाहकार नियुक्त किया जाएगा।

प्रदेश में खाली पड़े 125 पद भरे जाएंगे

उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रिंसिपल सीएमई (आर) सुधीर गुप्ता बताते हैं कि आवेदन करने वाले अधिकारियों की उम्र 65 वर्ष से कम होनी चाहिए। ये नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी। इसके बाद हर साल एक्सटेंशन दिया जाएगा यानी एक अधिकारी अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक ही कार्य कर सकता है। इसके लिए उन्हें पेंशन के अलावा इस ग्रेड की रिटायरमेंट की समय मिलने वाली आखिरी बेसिक-पे दी जाएगी। इस योजना से राजस्थान के उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों और कोटा मंडल में खाली पड़े 125 पद भरे जाएंगे। वहीं संभावना ये भी है कि जो अधिकारी जिस पद से रिटायर हुआ है, अगर वो पद खाली है तो वो उसी नियुक्त हो सकता है। लेकिन उस पद को सलाहकार के नाम से संबोधित किया जाएगा। हालांकि री-अपॉइंट हुए अधिकारी उस पद पर रहते हुए सिर्फ सुपरविजन कर सकेंगे यानी उन्हें किसी का ट्रांसफर, पोस्टिंग, प्रमोशन, टेंडर करने का अधिकार नहीं होगा।

# आरएएस के 733 पदों के लिए आवेदन 19 से परीक्षा कब होगी, इसकी घोषणा नहीं

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। आरपीएससी ने राजस्थान राज्य अधीनस्थ सेवाएं भर्ती 2024 के 733 पदों के लिए सोमवार को विज्ञापन जारी किया है। आवेदन 19 सितंबर से होंगे। आयोग ने सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के 8 और समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार ग्रेड-।। के 68 पदों के लिए भी विज्ञापन जारी किए हैं। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि भर्तियों के लिए शैक्षणिक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया की जानकारी वेबसाइट पर है। सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के पदों के लिए आवेदन 11 सितंबर से होगे। समूह अनुदेशक/सर्वेयर/ सहायक शिक्षुता सलाहकार ग्रेड-।। के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 सितंबर से किए जा सकेंगे।

# आईटीआई में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए डायरेक्ट एडमिशन के आवेदन 5 सितंबर से भर्ती शुरू हो गए। अभ्यर्थी 26 सितंबर रात 11.59 तक आवेदन कर सकेंगे। बार कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के अधीन राजकीय व प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण बद्ध संस्थान में रिक्त रही सीटों पर सीधे प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है।अभ्यर्थी संबंधित संस्थान से रिक्त स्थानों की सूचना प्राप्त कर सरकार के एकीकृत पोर्टल ss o. rajasthan.gov.in या ई मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भर सकेंगे । आवेदन पत्र का प्रिंट मय योग्यता दस्तावेज यथा अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र आदि की फोटो कॉपी आईटीआई में 27 सितंबर तक जमा करवा सकते हैं । संस्थान में प्राप्त आवेदन पत्रों की संस्थान स्तर पर मेरिट लिस्ट 28 सितंबर को लगाई जाएगी । संस्थान स्तर पर जारी मेरिट के आधार पर समस्त श्रेणी वरीयता के अनुसार निर्धारित फीस 30 सितंबर को जमा करानी है ।

# रिश्ते के लिए विज्ञापन दें

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक न्यूज पेपर में पेज नं. 5 पर तीन-चार महीने पहले मुस्लिम रिश्ते नाम से एक कॉलम शुरू किया गया, जिसका अच्छा रिजल्ट सामने आया है। रॉयल पत्रिका में मुस्लिम रिश्ते के लिए विज्ञापन देने वाले दर्जनों युवक-युवतियों की शादी हो गई है या शादी तय हो गई है। रॉयल पत्रिका राजस्थान के मुसलमानों में पढ़ा जाने वाला एक बड़ा न्यूज पेपर है। जिसका फायदा मुस्लिम रिश्ता चाहने वालों को मिल रहा है। मुस्लिम समाज के ऐसे लोगों से गुज़ारिश है जो अपने बेटे- बेटियों के रिश्तों के लिए न्यूज पेपर में विज्ञापन देना नहीं चाहते हैं, लेकिन अख़बार में छपे रिश्ते का रिश्ता ज़रूर चाहते हैं। ऐसे लोगों को चाहिए कि वे स्वयं भी न्यूज पेपर में रिश्तों का विज्ञापन दें और फायदा उठावें और यह नहीं सोचें कि विज्ञापन देने से उनकी बदनामी हो जाएगी । जिन्होंने रॉयल पत्रिका में रिश्तों के लिए विज्ञापन दिए, उनके रिश्ते तय हुए। जो सोचते रहे वे रिश्तों से वंचित रहे हैं। इसलिए बे हिचक मुस्लिम रिश्तों के लिए रॉयल पत्रिका में विज्ञापन देना चाहिए।

# विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया

चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया गया स्टे रिलेक्सड फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया
डॉ. अख्तर खान ने बताया कि शिविर में 70 रोगियों ने नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाया।
डॉ. पुष्पा खारड़िया ने बताया फिजियोथेरेपी मेडिकल साइंस की ही एक महत्वपूर्ण शाखा है। फिजियोथेरेपी को 8 सितंबर को वर्ल्ड फिजियोथेरेपी दिवस के रूप में नामित किया गया है। इसकी स्थापना 1951 में की गई।
इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अली पठान, समाजसेवी मेहबूब खान, डॉ. सरफराज खान, आदि मौजूद रहे। जाकिर खान, मुस्तफ़ा खान, सुलेमान मणियार, नौशाद खान, राशिद खान, विजेंद्र, आसिफ खिलजी आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।

# वीएमओयू: विभिन्न कोर्स में प्रवेश शुरू, अंतिम तिथि 25 सितंबर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वीएमओयू में विभिन्न कोर्सेज में सत्र जुलाई 2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तारीख 25 सितंबर है। ओपन यूनिवर्सिटी में लाइब्रेरी साइंस और कंप्यूटर अनुप्रयोग में । डिप्लोमा कोर्स ऑनलाइन व डिस्टेंस लर्निंग की भी सुविधा दी गई है। वीएमओयू के रीजनल डायरेक्टर डॉ. अनुरोध गोधा के मुताबिक यूजी, पीजी, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पीजी में एमए भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति प्रशासन, अंग्रेजी, विज्ञान, पुलिस प्रशासन, राजस्थानी, संस्कृत, हिंदी, इतिहास, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, शिक्षा, एमएससी गणित, एमकॉम और कम्प्यूटर साइंस में प्रवेश जारी है। यूजी में बीए, बीएससी और एडिशनल, पत्रकारिता, लाइब्रेरी साइंस में प्रवेश दिए जा रहे हैं। तय तारीख तक छात्र आवेदन कर सकते हैं।

## आवश्यकता

एक प्रसिद्ध कंपनी को एक एकाउंटेंट की आवश्यकता है, जो कंपनी लॉ के अनुसार एकाउंट्स का कार्य करना जानता हो । अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार । इच्छुक व्यक्ति अपना बायो डाटा निम्न व्हाट्सएप पर भेजे-
मो. न. – 9772552446

....................................

रॉयल पत्रिका को हॉकर्स (अखबार बांटने के लिए) की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय आकर शीघ्र संपर्क करें- रॉयल पत्रिका, मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर - 302002
मो. न. : 9772552446

# प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रबिउल अव्वल की चाँद रात पर उमड़े जायरीन

कपासन (रॉयल पत्रिका)। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बुधवार को रबिउल अव्वल की चाँद रात पर प्रातः काल से सांयकाल तक जायरीन की भारी आवक रही। दिन भर चादर शरीफ, इत्र, फूल, अगरबत्ती पेश करने का सिलसिला चलता रहा। अहाता ए नूर मे महफिले मिलाद का अहतमाम किया गया एवं कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से नात शरीफ व मनकबत पेश कर दाद बटोरी। सांयकाल को चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो-सुकून व बिमारी से शिफायाबी की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा। निः शुल्क जाँच शिविर:-



दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी के अनुसार जी.बी.एच. जनरल एवं कैंसर हॉस्पिटल एवं वक्फ कमेटी दरगाह शरीफ के संयुक्त तत्वाधान मे दरगाह शरीफ के मिटिंग हॉल मे शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमे मार्केटिंग मेनेजर सुबोध जार्ज, विवेक अग्रवाल, हरिश शर्मा की मोजूदगी मे डॉ विकास आर्थोपेडिक, डॉ राहुल जनरल मेडेसिन, डॉ वैद प्रकाश चोहान गायनोलॉजिस्ट, डॉ राहुल पेडियाट्रिक ने पुरी टीम के साथ रोगियो की जाँच कर निःशुल्क दवाईयाँ वितरीत की। वक्फ कमेटी सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी, हाजी अब्दुलरहमान, असलम शैख आदि के साथ दरगाह कर्मचारी एवं स्वयं सेवक ने अपनी सेवाएं दी।

# शेखावाटी अंचल के सूफी संत हजरत इज्जतुल्लाह शाह उर्फ मियां साहब का 237 वां चार दिवसीय उर्स कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ

झुंझुनू / बगड़ (रॉयल पत्रिका)। दरगाह माली गांव रोड स्थित दरगाह हज़रत इज्जतुल्लाह शाह उर्फ मियां साहब का 237 वा सालाना चार दिवसीय उर्स फजर की नमाज के बाद बागड़ कस्बे में कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ इससे पूर्व रात्रि में ईशा की नमाज के बाद महफिल खाने में खास महफिल हुई जिसमें पगड़ी बन्ध कव्वाल नदिम वारसी एंड पार्टी जयपुर और अजीज साबरी एण्ड पार्टी मंड्रेला ने हिंदी - उर्दू और फारसी कलाम हजरत की शान में पेश किया खास तौर पर नसीम वारसी द्वारा पेश किया गया "वलियों के वली या हजरत इज्जतुल्लाह वली तू देरो - हरम का मालिक है हां मुझ पर करम इतना कर दे काबे की तरफ रुख न सही रूख को तरफ काबा कर दे रवा है फ़ैज़ का दरिया इज्जत के आस्ताने से"आदि कव्वालियों पर जायरीनो को दांद देने पर मजबूर कर दिया। चार दिनों तक दरगाह परिसर में मेला लगा रहा और जायरीनों द्वारा फूलमाला और चादरें चढ़ाई गई। राजस्थान के कई शहरों से आये जायरीनो ने उर्स में हिस्सा लिया। व मन्नतें मांगी दरगाह के गुंबद व बुलंद दरवाजे पर विशेष रौशनी का इंतजाम किया गया पूरा दरगाह परिसर रोशनी से जग- मंगा रहा था। आए हुए सभी जायरीनों के लिए खाने-पीने और रहने का इंतजाम किया गया था। चार दिन तक विशेष लंगर की व्यवस्था रही। उर्स के मौके पर राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने शिरकत कर चादर पेश की। उर्स के मुबारक मौके पर दरगाह के गद्दी नसीन पिर दीन मोहम्मद साहब ने बताया कि मेरे साहबजादे मेरे उत्तराधिकारी मोहम्मद अबरार को मेरे बाद दरगाह का गद्दी नसीन घोषित किया गया और पकड़ी बांधकर रस्म अदा की गई। इस मौके पर पीर सईद अहमद चुरु, पीर इज्जतुल्लाह फारूकी झुंझुनू, अशरफ खान दरगाह कमरुद्दीन शाह झुंझुनू, पीर कामिल पठान इस्लाम पुर,, पिर खुशी मोहम्मद विलायत



शाह दरगाह झुंझुनू, मौलाना जफर जयपुर, मोहम्मद शाकिर जयपुर, इकराम,साहिद, आबिद जयपुर, मुबारक खान लाडु चोमू, शमशेर खान चोमू, हफीज खान चोमू,भंवरु खान नारनोद, इलियास खान, हैदर अली चुरु नवाब खान भाई खानी, ताजू खान ट्रेलर,नजीर शाह ओलाई चुरु,लुकमान खान ,अब्दुल सलाम जयीपहाड़ी ,जुगनू , जाबिर ,इदरीश ,सरदार अहमद इस्लामपुर , गुलाम हुसैन जय पहाड़ी, इस्लाम खान ,जब्बार खान, सलीम पि ए , असगर दूंगा शफी खान,रफीक तेली, जाकिर चूरू ,बंटी सैनी, विजय सैनी,नाथूराम बडगूजर,मोहम्मद मुस्तफा ,सोनू पठान , सलीम पार्षद बगड़,आदि मौजूद थे। कुल की रस्म के साथ ही उर्स संपंन्न हुआ पिर दिन मोहम्मद साहब ने देशवासियों के लिए अमन चैन व भाईचारे की दुआएं की।

# उलेमा हजरात की सरपरस्ती में निकाला जाएगा जुलूस ए मोहम्मदी

पाली (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम समाज के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर शहर के तमाम मस्जिद के ओलेमा हजरात की सरपरस्ती में घुमटी स्थित गोरी फार्म में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक का आयोजन किया गया। अंजुमन सीरतुन्नबी के सदर हाजी रफीक गौरी ने बताया कि पाली जिला मुस्लिम समाज के सदर मोहम्मद हकीम भाई सहित कमेटी सदस्य तथा मुस्लिम समाज के मौजीज लोगो की मौजूदगी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 16 सितंबर को आयोजित विशाल जुलूस मोहम्मदी में डी जे साउंड सिस्टम, ट्रेक्टर एवं भारी वाहन शामिल नही होंगे। जुलूस शहर की सभी मस्जिदों के ओलेमाये कराम की सरपरस्ती में नाते रसूल पढ़ते हुए बड़े ही एहतेराम के साथ निकाला जाएगा। बैठक में कमेटी के सेकेट्री पद पर हाजी सईद अंसारी को नियुक्त किया गया। अंजुमन सीरतुन्नबी कमेटी के प्रवक्ता आमीन अली रंगरेज़ ने बताया कि सुबह 9:30 बजे नाड़ी मोहल्ला मिलाद चौक से जुलूस रवाना होकर केरिया दरवाजा, बादशाह का झंडा, गजानन्द मार्ग, जंगीवाड़ा, पुराना बस स्टैंड, नवलखा रोड, प्यार चौक, रुई कटला, चुड़ीगर बाजार में पहुचकर समाप्त होगा। बैठक में तंजीम आइमा ए मस्जिद सदर मौलाना मुस्ताक अहमद, मौलाना दानिश कफील, मौलाना हाफिज इस्माइल, मौलाना अंसार फेजानी, मौलाना सत्तार अहमद, मौलाना उबेदुल्लाह नूरी, मौलाना तसव्वीर अली, मौलाना रफीक रिजवी, मौलाना हाफिज साहिल, मौलाना मुज्जमिल हुसैन, मौलाना इंसाफ नक्सबंदी, मौलाना शरीफ सिद्दीकी, मौलाना अब्दुल मुनाफ, मौलाना दिलदार असरफी, मौलाना इलियास अली, मौलाना हफीजुल्लाह जियाई सहित मस्जिद के ईमाम हजरात मौजूद रहे।

# जुगल प्रजापति केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

पाली (रॉयल पत्रिका) । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सुमेरपुर से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जुगल प्रजापति को महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जलगांव लोकसभा क्षेत्र की 6 विधान सभा क्षेत्रों का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं, इसमें जलगांव शहर, जलगांव ग्रामीण, अमलनेर , अरनडोल, चालीस गाम, पाचोरा शामिल है, साथ ही इन नियुक्त केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण का कार्यक्रम आगामी 10 सितम्बर को AICC दिल्ली में रखा गया है। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। प्रजापति आगामी सप्ताह जलगांव लोकसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे।



# राज्य मंत्री बाघमार ने रोड़वेज बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नागौर (रॉयल पत्रिका)। सानिवि, महिला बाल विकास व बाल अधिकारिता विभाग राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने रविवार 8 सितंबर को रोड़वेज बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि राज्य मंत्री बाघमार रविवार को नागौर जिले के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डेह, सोमणा - सोनेली- जायल-सीकर मार्ग पर संचालित होने वाली रोड़वेज बस सेवा की शुरुआत करते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लम्बे समय से रोड़वेज बस सेवा के लिए की जा रही मांग आज पूरी हुई। इससे अब गोठ मांगलोद के दधिमती माता मन्दिर और डेह के कुंजल माता मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी फायदा मिलेगा। वहीं राज्यमंत्री के पैतृक गांव सोनेली सहित आस पास के गांव सोमणा, मांगलोद के ग्रामीणों को देश आजादी के बाद पहली बार रोडवेज बस सेवा का लाभ मिला है। इस दौरान सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल थालोड़ सहित अन्य ग्रामीणों ने भी आभार जताया।



# राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

पाली (रॉयल पत्रिका)। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने शुक्रवार को सांय पाली जिले में अतिवृष्टि व जलभराव को लेकर पानी, बिजली, सड़क और चिकित्सा विभाग, नगर परिषद के द्वारा किए जा रहे कामों की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने पानी की निकासी के लिए वर्तमान में तत्काल समाधान, सड़क मरम्मत जहां अधिक क्षतिग्रस्त है, वहां पहले कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पाली नगर परिषद के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत कराए हैं जो तत्काल ही प्राप्त हो जायेंगे। साथ ही उन्होंने सड़कों के लिए कल से ही मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर पूरे शहर की बारिश व जलभराव की स्थिति की जानकारी ली और निकासी के



लिए निर्देश दिए। साथ ही अन्य बिंदुओ पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने भी शहर में पानी निकासी व अन्य उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने उन्हें पाली शहर में पानी निकासी, जलभराव, जलभराव से मेडिकल विभाग द्वारा किए जा रहे प्रबंधों, सड़को की मरम्मत, मड़ पम्प, बिजली व्यवस्था, नगर परिषद के कार्यों व अन्य सभी महत्वपूर्ण बिंदुओ की जानकारी दी। बैठक में संजय ओझा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ राजेश गोयल, नगरपरिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, नगर परिषद आयुक्त अशोक कुमार, सार्वजनिक निर्माण, पेयजल, बिजली, सिंचाई, चिकित्सा आदि विभागों के अधिकारी, सुनील भंडारी , त्रिलोक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# युवा नेता गौरव सारण के नेतृत्व में गौसेवा के रूप में सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट के जन्म दिवस पर युवा नेता गौरव सारण के नेतृत्व में गौसेवा कर धुम-धाम से मनाया। सांचौर जिले के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मिलकर कृष्णदत्त वीर गोशाला बड़सम में गौ पूजन किया गया। सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा व गुड़ खिलाकर मंगल कामना व्यक्त की। इस दौरान जय किशन कांछेला, दाडमाराम विडार, लाडूराम गोदारा, राजूराम, अमलुराम, राजाराम मेघवाल, गंगाराम पूनिया, बाबुलाल डावल, कुलदीप देवासी, दिनेश चौधरी आदि कार्यकर्ता- शामिल हुए। इस अवसर पर सचिन पायलट के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस दौरान युवा कांग्रेस नेता गौरव सारण ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युवाओं व किसानों के हित में समय-समय पर सचिन पायलट के नेतृत्व में आवाज मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर ठाकुर भीख जी, मगनाराम डेलीगेट, गणेशाराम काठेला, सुजानाराम, सुजाणाराम, राजाराम, मानोजसारण, सुजाणारामप्रजापत, धनाराम, हीराराम, बरकत खॉ, हनीफ खॉ, यूनुस खॉ, भवजी बन्ना एवं समस्त ग्रामवासी वडसम मौजूद थे।



# सर्वधर्म सदभावना व धार्मिक यात्रा श्री अमृतसर साहिब के लिए सूर्यनगरी जोधपुर से रवाना

जोधपुर (रॉयल पत्रिका) । केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति राजस्थान जोधपुर शाखा से सर्वधर्म सदभावना व धार्मिक यात्रा अध्यक्ष चरणजीत सिंह छाबड़ा की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिकों की आठ सितम्बर को सूर्यनगरी लोधी सहित अन्य धार्मिक स्थलों एवं ऐतिहासिक जगहों की यात्रा कर देश में खुशहाली, आपसी सौहार्द व भाईचारगी का संदेश जन-जन तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। यात्रा संयोजक व अध्यक्ष चरणजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि



जोधपुर से श्री अमृतसर साहिब के लिए शाम को जोधपुर रेलवे स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से रवाना हुई। प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने बताया कि सर्वधर्म सदभावना व धार्मिक यात्रा में सभी धर्म, वर्ग सम्प्रदाय के वरिष्ठ एवं अति-वरिष्ठ जन सम्मिलित होकर छः दिवसीय यात्रा में स्वर्ण मन्दिर, सुलतानपुर सर्वधर्म सदभावना व धार्मिक यात्रा में नरेंद्र सिंह परिहार, राजेन्द्र सिंह गहलोत, ठेकेदार रमजान अली, नन्द किशोर व्यास, त्रिलोकराम चौधरी सहित इकत्तीस वरिष्ठजनों सहित आठ महिलाएं भी शामिल हैं। यात्रा की वापसी चौदह सितम्बर को प्रातः जम्मूतवी से जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती एक दिवसीय प्रवास पर रहे सलूंबर

## -केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज के लोगो तक पहुंचाकर उन्हें बनाएं भाजपा का सदस्य : हमीद खान मेवाती

सलूंबर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती सलूंबर विधानसभा उपचुनाव के निमित्त सलूंबर प्रवास पर रहें, जहां उन्होंने सलूंबर शहर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में आगामी विधानसभा उपचुनाव की रुपरेखा एवं तैयारी पर चर्चा की गई। हमीद खान मेवाती ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज के लोगो



तक पहुंचाना है और सदस्यता अभियान के तहत उन्हें अधिक से अधिक भाजपा का सदस्य बनाना है। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, जंग बहादुर पठान, उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष अख्तर सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खान, भाजपा नेता साबिर बोहरा, पार्षद अंसार अहमद,रियाज अहमद, आसिफ खान,अब्दुल करीम,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी ने बारिश से बिखरे नेशनल हाइवे 68 की मरम्मत करवाने की मांग को गडकरी को लिखा पत्र

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। बाड़मेर से काइला को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 68 गुजरात के खोड़ा बॉडर से गांधव तक करीब पिछले 6 माह पूर्व पेचवर्क कर तैयार किया गया था। मानसून की पहली बारिश के साथ ही नेशनल हाइवे की गुणवता की पोल खोल दी और नेशनल हाइवे गड्ढों में तब्दील हो गया। नेशनल हाइवे 68 की खस्ताहालत को लेकर सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। बताया कि सांचौर से गुजरने वाला नेशनल हाइवे 68 सबसे व्यस्तम सड़क मार्ग है। यह राज मार्ग पश्चिम राजस्थान के जिलों को गुजरात सहित तमाम राज्यों से जोड़ने वाला एक मात्र नेशनल हाइवे है। ज्ञात रहे कि राजस्थान व भारत सरकार का सबसे महत्वकांक्षी परियोजना में से एक बाड़मेर के पचपदरा में निर्माणाधीन रिफाईनरी है। उक्त रिफाइनरी के समस्त भारी व हल्के वाहनों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। अत्यधिक ट्राफिक रहने व भारी बारिश के कारण राज मार्ग वर्तमान समय में पूरी तरह से बिखर चुका है। पूरे मार्ग पर दो-दो फीट के गड्ढे बन चुके है। मार्ग पुरी तरह से बिखर चुका है। सड़क पर गड्ढें ही गड्ढे बन चुके है। विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर गांवों का जुड़ाव नेशनल हाइवे 68 से है। जिनकों आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते अति शीघ्र नेशनल हाइवे 68 का मरम्मत कार्य करवाया जाए ताकि आमजन को आवागमन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।



# अंसारी प्रीमियर लीग-7 का हुआ ऑक्शन

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। कौम सौदागरान अंसारी विकास समिति और अंसारी प्रीमियर लीग कंट्रोल बोर्ड जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में इस बार अंसारी प्रीमियर लीग - 7 का आयोजन 16 नवंबर से 23 नवंबर 2024 तक ओल्ड रेलवे स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीम और 130 खिलाड़ी भाग ले रहे है। फाइनल को मिलाकर कुल 13 मैच खेले जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अध्यक्ष इकबाल अंसारी और उपाध्यक्ष मेहराज अंसारी गैस वाले, सहसचिव जाकिर हुसैन और सदस्य असलम अंसारी ने भी अपनी उपस्थिति दी



अंसारी प्रीमियर लीग के संयोजक वसीम अंसारी ने बताया कि इस बार इसका आयोजन नए तरीके से किया जा रहा है। जिसमें हर टीम को 5 खिलाड़ी रिज़र्व रखने का मौका दिया गया और ऑक्शन के माध्यम से सभी टीम को 8 खिलाड़ी एलॉट हुए है। ऑक्शन का आयोजन शाहीन एकेडमी चोखा, जोधपुर में किया गया। अंसारी प्रीमियर लीग के सह संयोजक यासीन अंसारी ने कहा कि इंपैक्ट खिलाड़ी वाला नियम लागू रहेगा जिसके चलते एक मैच में 12 खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलेगा। प्रत्येक टीम के दो लीग मैच होंगे। 10 लीग मैच 2 सेमीफाइनल और और प्रोग्राम को सफल बनाया। ऑक्शन वाले दिन ऑक्शन की व्यवस्था में अंसारी प्रीमियर लीग कंट्रोल बोर्ड के सदस्य वसीम अंसारी, गुलजार, यासीन, फिरोज, रिजवान, अमजद, माजीद, नदीम, अशफाक, सुलेमान, साजिद, वाजिद, सलीम, कैफ सहित जावेद अली, मुस्ताक, हुसैन जी, प्लेयर्स सलाउद्दीन, सद्दाम जॉनी, शेरू, आदिल, जैद और समीर ने सहयोग किया। ऑक्शन में सभी कप्तान ने अपने साथी के साथ मिलकर ऑक्शन में बहुत ही अच्छे तरीके से बोली लगाई और अपने लिए एक बेहतर टीम तैयार की। उम्मीद है इस बार भी मैच रोमांचक होंगे। संचालन वसीम अंसारी और यासीन अंसारी ने किया।

# सीखने की निरन्तरता बनी रहे यही व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक: गजेन्द्र सिंह शेखावत

## -गीतांजली यूनिवर्सिटी में कॉन्वोकेशन - 2024 का हुआ भव्य आयोजन

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। को गीतांजली यूनिवर्सिटी द्वारा कॉन्वोकेशन - 2024 का आयोजन 6 सितंबर 2024 गीतांजली यूनिवर्सिटी के स्व. नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में किया गया। कॉन्वोकेशन - 2024 के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह शेखावत केंद्रीय मंत्री, संस्कृति और पर्यटन ( लोकसभ ) भारत सरकार, गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन व गीतांजली यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.पी अग्रवाल रहे।

कॉन्वोकेशन के मुख्य अतिथि को प्रोसेशन द्वारा आदर- सत्कार से गीतांजली परिवार की नेतृत्व टीम में गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे.पी. अग्रवाल, वाईस चेयरमैन कपिल अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर



अंकित अग्रवाल, गीतांजली यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ एस.के लुहाडिया, रजिस्ट्रार मयूर रावल, बोर्ड ऑफ़ मैनेजमेंट व एकेडमिक काउन्सिल के सदस्यों ने स्व. नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में प्रवेश किया। इसके पश्चात् गीतांजली यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.पी अग्रवाल ने कोन्वोकेशन – 2024 का आगाज़ किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करके हुई। मुख्य अतिथि माननीय गजेन्द्र सिंह शेखावत का स्वागत गीतांजली ग्रुप के वाईस चेयरमैन कपिल अग्रवाल ने किया। गीतांजली यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.पी अग्रवाल का स्वागत गीतांजली यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. एस.के. लुहाडिया ने किया।

# हिंदुस्तान जिंक द्वारा आयोजित वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का इवेंट पोस्टर और रेस डे जर्सी लॉन्च

## -रविवार, 29 सितंबर 2024 को होने वाली मैराथन के लिए पंजीकरण शुरू

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 29 सितंबर, 2024 को आयोजित होने वाली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के शुभारंभ की घोषणा के साथ ग्रामीण कुपोषण से बचाव हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस ऐतिहासिक आयोजन के उपलक्ष्य में, कंपनी ने आधिकारिक मैराथन पोस्टर लॉन्च किया, जिसमें जिंक सिटी के रूप में भी जाने जाने वाले उदयपुर में रन फॉर जीरो हंगर के नेक उद्देश्य से उपस्थित अतिथियों को रूबरू कराया। दौड़ के दिन की आधिकारिक जर्सी, का अनावरण, उदयपुर कलेक्टर अरविंद पोसवाल, उदयपुर के पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लांबा, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ एवं मैराथन धावक अरुण मिश्रा और एनीबडी कैन रन, एबीसीआर के संस्थापक डॉ. मनोज सोनी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जिसमें शांत फतेह सागर झील का प्रतिनिधित्व करने वाले शानदार



नीले रंग शामिल है। हिंदुस्तान जिंक द्वारा आयोजित वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन, एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन (एआईएमएस) और डिस्टेंस रेस का आधिकारिक सदस्य है, जिसे एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त है। विश्व स्तर पर प्रशंसित इस दौड़ कैलेंडर में सूचीबद्ध यह मैराथन एक असाधारण अनुभव होगी, जिसका मार्ग फतेह सागर झील के चारों ओर एवं अरावली पर्वतमाला मनोरम दृश्यों से पूर्ण होगा। वर्चुअल रूप से शामिल होते हुए, हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने ग्रामीण कुपोषण से बचाव की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि कैसे मैराथन में लोगों को एकजुट करने की शक्ति है। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने उदयपुर की विरासत, दौड़ने के महत्व और जिंक-पोषक तत्वों से भरपूर भोजन के माध्यम से ग्रामीण कुपोषण से बचाव के महत्वपूर्ण कारण के बारे में बात की। कार्यक्रम के आकर्षण में इजाफा करते हुए, विश्व प्रसिद्ध, सैंड आर्टिस्ट सैंड कौशिक ने एक ऐसी कहानी सुनाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें उदयपुर के समृद्ध इतिहास और मैराथन के मिशन का सार समाहित था। आधिकारिक मैराथन पोस्टर और रेस-डे जर्सी को एलईडी के माध्यम एवं अतिथियों द्वारा लॉन्च किया गया।

# पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने किया फॉयसागर पानी रिसाव और अजमेर से जल भराव इलाके का दौरा

अजमेर (रॉयल पत्रिका) । आरटीडीसी के पुर्व अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर शहर में जल भराव इलाके और फॉय सागर का दौरा किया और हालातो का जायजा लिया। राठौड़ ने फायसागर पाल पर ग्रामीणों और एनडीआरफ व एसडीआरएफ के जवानों से बातचीत की और ग्रामीणों को सरकार व प्रशासन को वस्तु स्थिति से अवगत कराकर राहत के कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसी के साथ अजमेर की मोती विहार कॉलोनी में भी जल भराव से परेशान लोगों और पार्षद ज्ञान सारस्वत से बात चीत की। साथ ही बाड़ी नदी का भी दौरा कर जानकारी हासिल की।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि फायसागर से पानी रिसाव से आसपास के इलाको में खतरा होने की जानकारी मिली, जिस पर मौके पर पहुंच कर जायजा लिया है, ताकि समय रहते हालात पर काबू पाया जा सके और राहत के कदम उठ सके। पानी रिसाव को रोकने के लिए प्रशासन ने जो इंतजाम किए है, वो नाकाफी है और मैं इन इंतजाम से कतई संतुष्ट नहीं हूं। इस संबध में मैने जिला कलेक्टर लोक बंधु से भी बातचीत की है और उनसे चर्चा कर मौके के हालातों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पाल से पानी रिसाव को रोकने के लिए सरकार और स्थानीय जिला प्रशासन ठोस कदम उठाए, ताकि खतरा होने की नौबत ही नही आए। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित अजमेर के जन प्रतिनिधियों को पानी रिसाव को गंभीर लेना चाहिए, ताकि अजमेर के लोगों को कोई बड़े खतरे का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अजमेर शहर में जगह जगह जल भराव से बाढ़ के हालात पैदा होने की आशंका जाहिर कर स्मार्ट सिटी के कार्य को सवालों के घेरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में जल भराव और बाढ़ जैसे हालात पैदा होने के लिये स्मार्ट सिटी के कार्यों की जांच होनी चाहिए। अजमेर स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद कर दिए गए, लेकिन शहर में विकास दिखाई नहीं दे रहा है, जिस तरह बारिश से अजमेर में जल भराव से विकट हालात बने हुए है और शहरवासी



परेशान है बारिश से स्मार्ट सिटी के कार्यों की पोल खुल गई, इस पर स्थानीय प्रशासन और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के किए कार्यों पर सवाल उठना लाजिमी है। दौरे के दौरान वंश लेखक अकादमी अध्यक्ष रामसिंह राव, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, निवर्तमान शहर उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, पार्षद नोरत गुर्जर, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, छोटू सिंह रावत, पूर्व पार्षद हेमंत जोधा, सर्वेश पारीक, विकास चौहान, घनश्याम पंचोली, राजीव कछावा, करतम मीणा, रवि सैनी, शरद कपूर, आरिफ खान, यूनुस खान, आदि कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

**अजमेरवासियों के साथ खड़ी है कांग्रेस पार्टी**

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि अतिवृष्टि से बिगड़े हालात से बनी प्राकृतिक विपदा में अजमेरवासियो के साथ कांग्रेस पार्टी कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ी है। हम राज्य सरकार व जिला प्रशासन को अजमेरवासियों को राहत पहुंचाने के हर कदम पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग करने को तत्पर है । हम सबको मिलकर अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों व प्राकृतिक आपदा में अजमेर वासियों के लिए राहत के कदम उठाने चाहिए। अपना अजमेर सबका अजमेर की भावना को आत्मसात करते हुए सभी अपनी अहम भागीदारी निभाएं और एक मिशाल कायम करे।

# डॉ. समित शर्मा ने पशुपालन विभाग के शासन सचिव का कार्यभार ग्रहण कर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पशुपालन, मत्स्य एवं गौ-पालन, कौशल, उद्यमिता और रोजगार विभागों के शासन सचिव एवं राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के अध्यक्ष डॉ समित शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में कार्यभार ग्रहण कर सायं 4 बजे सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को अनुशासन, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, सेवा भावना और समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कार्य में किसी तरह की अनियमितता या कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सुशासन पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग हर जिले के लिए एक प्रभारी अधिकारी लगायें । सभी विभागों को अपने अधिकारियों एवं कार्मिकों को परिचय पत्र जारी करने और आवंटित कार्यो को समयबद्धरूप से निष्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए अविलम्बरूप से व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, सभी विभागों को कार्यो की समीक्षा के लिए अपने स्तर पर मुख्य निष्पादन संकेतक बनाने के निर्देश भी प्रदान किये। डॉ शर्मा ने कहा कि हर माह के पहले सप्ताह में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये जिला स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जायेगी और मुख्यालय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक होगी। उन्होंने विभागों की पहली वी. सी. 11 सितम्बर को आयोजित करने के निर्देश दिये और कहा कि इस वी. सी. में क्षेत्रीय



स्तर के अधिकारियों को उपस्थित होना अनिवार्य किया जाये। उन्होंने सभी कार्मिकों को कार्य समय में कार्यस्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के कार्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति को गम्भीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। अनुपस्थित होने पर या संस्था बन्द मिलने पर निलम्बन और कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में 6 से 7 नए जिलों को समाप्त किया जाएगा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का बयान हो रहा वायरल, मदन राठौड़ ने कहा, कई नए जिले गलत तरीके से बना दिए गए, सांचौर एक विधानसभा का जिला, केकड़ी, ऐसे ऐसे जिले बना दिए, तत्कालीन सरकार ने लोगों को खुश करने के लिए जिले बना दिए, हमारी सरकार ने जिलों की समीक्षा के लिए कमेटी बनाई है, कई जिले ऐसे हैं जिनकी मांग वाजिब भी है उन्हें रखेंगे बाकी जिलों को हटाएंगे, ऐसे पांच सात जिले हैं जिन्हें हटाया जाएगा- मदन राठौड़, कुछ जिले केवल तुष्टिकरण के लिए बना दिए गए उन्हें भी हटाएंगे, सांचौर, केकड़ी, दूदू, डीग, भिवाड़ी-खैरथल, गंगापुर सिटी, अनूपगढ़ जिले सरकार समाप्त करने की तैयारी में।



# हिमाचल प्रदेश : दल-बदल पर नया विधेयक पारित, अयोग्य ठहराए गए विधायकों को नहीं मिलेगी पेंशन

नई दिल्ली: हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने विधानसभा में बुधवार (4 सितंबर) को दल-बदल विरोधी विधेयक पारित किया, जिसके तहत अब अयोग्य घोषित सदस्यों को पेंशन नहीं मिलेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य पेंशन रोककर विधायकों को दल बदलने से रोकना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा पेश हिमाचल प्रदेश विधानसभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) संशोधन विधेयक 2024 में कहा गया है कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्य घोषित किया गया कोई भी सदस्य अपनी पेंशन पात्रता खो देगा। यह नया कानून अयोग्य सदस्यों द्वारा पहले से ली गई पेंशन की वसूली की बात भी कहता है। विधेयक में कहा गया है, 'अगर कोई व्यक्ति संविधान की दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत किसी भी समय अयोग्य घोषित किया गया है, तो वह अधिनियम के तहत पेंशन का हकदार नहीं होगा। 'मालूम हो कि मौजूदा समय में पांच साल तक की सेवा करने वाले विधायक 36,000 रुपये की मासिक पेंशन के पात्र हैं, जिसमें उनके पहले कार्यकाल के बाद प्रत्येक वर्ष के लिए 1,000 रुपये अतिरिक्त जुड़ जाते हैं। 1985 में लाया गया दल-बदल विरोधी कानून का उद्देश्य राजनीतिक दल-बदल को रोकना है।

ज्ञात हो कि बजट चर्चा के दौरान पार्टी ह्विप का उल्लंघन करने पर फरवरी में हिमाचल प्रदेश में छह कांग्रेस विधायकों को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गौरतलब है कि हाल के सालों में कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में दल-बदल और विभाजन के कारण गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारों ने अपना बहुमत खोया है।























मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com